संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 10 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 40 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर

● दो जवानों का बलिदान और दो घायल हुए, जवान निरंतर सफलता हासिल कर रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजापुरः छत्तीसगढ़** के बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगल में रविवार सुबह 8:30 बजे डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाइटर के संयुक्त बल के साथ हुई मुठभेड़ में 31 वर्दीधारी नक्सली ढेर हो गए। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है ' इस मुठभेड़ में दो जवान बलिदानी हो गए और दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। दोनों घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है, घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला गया उनका उपचार जारी है। मुठभेड़स्थल से नक्सलियों के शव के साथ एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद हुआ है ' यह इलाका महाराष्ट्र सीमा से लगा हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में 31 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। सभी के शवों को बरामद कर लिया गया है। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में दो जवान बलिदान और अन्य दो जवान घायल हुए हैं। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बल को मौके के लिए भेजा गया है, सर्च अभियान जारी है। आईजी ने बताया कि इसकी विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद जारी की जाएगी। बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर जारी पोस्ट के माध्यम से कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ चल रही आखिरी जंग में सुरक्षाबलों को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में 2 जवानों के बलिदान और 2 जवान के घायल होने पर मुख्यमंत्री साय ने दुःखद जताते हुए कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने ईश्वर से बलिदानी जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने एवं घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। इस दिशा में सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। 2025 की अब तक मुठभेड़ों में कुल 86 नक्सली मारे गए-वर्ष 2025 में अब तक हुई मुठभेड़ों में कुल 86 नक्सली मारे गए हैं। बेहद कम समय में नक्सलियों के मारे जाने का ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।-4 जनवरी को अबूझमाड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 5 नक्सलियों को ढेर किया था। 9 जनवरी को सुकमा-बीजापुर बॉर्डर पर हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए थे।



### एक साल में देश से खत्म कर देंगे नक्सलवादः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 2 जवानों के बलिदान होने पर भावपूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक साल में देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। उन्होंने आगे कहा कि मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। बलिदान जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

**प्रहार**
▶▶ डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर के संयुक्त बल के साथ हुई मुठभेड़ में 31 वर्दीधारी नक्सली ढेर

# किसानों की उन्नति से होगा देश का विकास : उपराष्ट्रपति धनखड़

**दो टूक**
▶▶ उपराष्ट्रपति धनखड़ मातृकुंडिया तीर्थ स्थल पर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चित्तौड़गढ़। उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ रविवार को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी उपखंड मुख्यालय पर मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले मातृकुंडिया तीर्थ स्थल पर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने मंगलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा की। इसके बाद वे सभा स्थल पहुंचे, जहां जाट समाज के प्रतिनिधियों की ओर से उनका अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्वागत अभिभाषण के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति को लेकर कहा कि यह इस बात का प्रतीक है कि समाज सही दिशा में अग्रसर है। उन्होंने मातृकुंडिया के महत्व को बताते हुए कहा कि यह वह स्थान है, जहां से कोई भी मनोकामना शुरू होती है तो अवश्य पूरी होती है।



## मणिपुर के थौबल में आईआरबी चौकी से हथियार-गोलाबारूद लूटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**थौबल (मणिपुर)।** मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी पर हमला कर हथियार और गोला-बारूद लूट लिए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, हमलावर कई वाहनों में आए और शनिवार देररात ककमयाई क्षेत्र में स्थित चौकी को निशाना बनाया। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को काबू में कर छह सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) और तीन एके-सीरीज राइफलें लूट ली गईं।

## बजट में सभी के कल्याण का रखा गया है ख्यालः मनोहर




**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल। प्रदेश की** राजधानी भोपाल में रविवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन(राजग) की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की बजट की विशेषताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मोदी सरकार के केन्द्रीय बजट पर पत्रकारों से बातचीत में इससे जुड़ी अनेक योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें उनका कहना था कि हर वर्ग का ध्यान इस में रखा गया है। मध्यम वर्ग को टैक्स में जितनी राहत इस बार दी गई वह अपने आप में एक रिकार्ड है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण प्रदेश मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा प्रदेश महामंत्री, विधायक- भोपाल दक्षिण-पश्चिम, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा आशीष अग्रवाल, राहुल कोठारी समेत अन्य नेता भी मंच पर मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवाचार करने एवं उनकी विशेष कल्पनाकर जन कल्याण करने के उनके प्रयासों का जिक्र करते हुए उनके साथ हरियाणा में किए गए प्रयोगों की चर्चा के करते हुए अपनी बात आगे बढ़ाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नया सोचते हैं, बड़ा सोचते हैं। मेरा उनसे 28 साल का 1996 से संबंध है। वे आगामी सालों तक की योजना कैसे करते हैं वह उनके विजन 2047 में देश को स्वाधीन हुए 100 साल हो जाने के अमृतकाल की योजनाओं को देखकर ध्यान में आ सकता है।

**सबका हित**
▶▶ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गिनाई मोदी सरकार के बजट की विशेषताएं

## तेलंगानाः पिछड़ा वर्ग में मुस्लिमों को शामिल करने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबादः** तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण में मुस्लिम वर्ग को पिछड़े वर्गों के साथ पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने आपत्ति जाहिर की। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने आरोप लगाया कि इस कदम से पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय होगा। बंदी संजय कुमार ने शनिवार को तेलंगाना में एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में हैदराबाद के करीमनगर में एक रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बंदी संजय कुमार ने बताया कि पूर्व में वाईएस राजशेखर रेड्डी की कांग्रेस सरकार ने भी अविभाजित आंध्र प्रदेश में पिछड़े मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में चार प्रतिशत आरक्षण दिया था। पिछड़ा वर्ग संगठनों ने भी जताई नाराजगी पिछड़ा वर्ग की कई जातियों के प्रतिनिधियों ने भी तेलंगाना सरकार के इस कदम की आलोचना की है। भाजपा नेता ने दावा किया कि पूर्व में तेलंगाना की बीआरएस सरकार में राज्य में पिछड़ वर्ग की कुल आबादी राज्य की कुल जनसंख्या की 51 फीसदी थी।

## सत्ता में रहते भूपेश ने शराब घोटाले किएः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर। दुर्ग** जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के घर बीती रात 500 पेटी शराब जप्त हुई है। जिस पर रविवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शराब का जो नाता है, वह बहुत पुराना है, अब भी सत्ता छीनने के बाद भी भूपेश बघेल और कांग्रेस अवैध शराब का धंधा करने से बाज नहीं आ रही है। कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए पहले छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला किया और सत्ता से बेदखल होने बाद भी अवैध शराब ही बांट रही है। संजय श्रीवास्तव ने कहा भूपेश बघेल और कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से निकाय और पंचायत चुनाव जीतने में अब कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा के सुशासन में कांग्रेस अपने घिनौने कृत्य से चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित नहीं कर पाएगी। कहा कि कांग्रेस को इस प्रकार के कृत्यों बाज आना चाहिए और कांग्रेस को सबक लेना चाहिए। संजय ने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने खाता नहीं खोलने की हैट्रिक बनाई है।



प्रयागराज महाकुम्भ मेले में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी रविवार को परिवार सहित त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई।

## शिमला को मिलेगी सुरंग की सौगातः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। प्रदेश** सरकार अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए सड़क और पुल निर्माण के जरिए कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही है। पिछले दो वर्षों में राज्य में 1376 किलोमीटर सड़कों और 119 किलोमीटर क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण पूरा किया गया है। इसके साथ ही 1741 किलोमीटर सड़कों की टारिंग कर उन्हें दुरुस्त किया गया है। इन विकास कार्यों से प्रदेश के लोगों को न केवल सुगम यातायात की सुविधा मिली है, बल्कि अन्य आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच भी आसान हुई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने रविवार को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में अधोसंरचना के विस्तार के तहत 116 नए पुलों का निर्माण किया गया है। इससे उन ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को राहत मिली है, जहां बरसात और अन्य मौसम संबंधी समस्याओं के कारण आवागमन बाधित होता था। इसके अलावा 61 गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने का काम पूरा किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक समृद्धि को बल मिल रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार की कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता राजधानी शिमला में भी दिखाई दे रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी 890 मीटर लंबी डबल लेन सुरंग परियोजना विकास की नई इबारत लिखने जा रही है। अत्याधुनिक तकनीक से बनाई जा रही यह सुरंग नवबहार से सर्कुलर रोड तक यातायात को सुगम बनाएगी और शहर में ट्रैफिक दबाव को कम करने में भूमिका निभाएगी।

**अधोसंरचना**
▶▶ हिमाचल में दो साल में 1376 किमी सड़कों और 116 पुलों का हुआ निर्माण

## एन बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से तीन मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं।
कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

## ब तक 1000 मीट्रिक टन राशन संतों, कल्पवासियों को किया गया वितरित

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों के लिए राशन की विशेष व्यवस्था की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर नैफेड (एनएएफईडी) के माध्यम से आटा, दाल, चावल और अन्य जरूरी सामान सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रद्धालु इसे व्हाट्सएप और कॉल के जरिए भी मंगवा सकते हैं। अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन सिर्फ नेफेड के माध्यम से संतों, महात्माओं में वितरित किया जा चुका है। इस काम के लिए पूरे महाकुम्भनगर में बीस मोबाइल वैन लगातार दौड़ाई जा रही हैं।

## वायु सेना और सेना प्रमुख ने एक साथ तेजस में भरी उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु। एयर फोर्स स्टेशन** येलहंका में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का औपचारिक उद्घाटन भले ही सोमवार को होगा लेकिन आज पहली बार वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक साथ उड़ान भरी। दोनों प्रमुख रविवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस में एक साथ 45 मिनट तक आसमान में रहे। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पाठ्यक्रम के साथी रहे हैं। दोनों रक्षा बलों के बीच एकजुटता और आत्मनिर्भरता के समर्थन के प्रदर्शन में दोनों प्रमुखों ने रविवार को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के प्रशिक्षक संस्करण में उड़ान भरी। एयरो इंडिया एयर शो की शुरूआत से एक दिन पहले वायु सेना प्रमुख ने बेंगलुरु के एयरो इंडिया में स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को 45 मिनट तक उड़ाया और उनके साथ सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी भी रहे।



**उड़ान**
▶▶ एयर चीफ मार्शल ने बेंगलुरु में जनरल द्विवेदी को साथ बिठाकर 45 मिनट तक उड़ाया लड़ाकू विमान

**मोदी की गारंटी**
मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब विकसित भारत के साथ अपने कदमताल करेगी

## दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर लगाई मोहर : सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। अब मोदी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। दिल्ली चुनाव में लगे सभी नेताओं व कार्यकताओं को भी उन्होंने बधाई दी और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एक कुशल संगठनकर्ता की तरह काम किया है। मुख्यमंत्री सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं, लेकिन जनता के लिए कोई काम नहीं किया। यमुना नदी को 2025 तक स्वच्छ करने के बार-बार सपने दिखाएं और जब वे इसे पूरा नहीं कर पाएं तो हरियाणा पर नदी में जहर मिलाने तक के झूठे आरोप लगाने लगे। दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर उनके झूठे वायदों का जवाब दिया। अब पंजाब की जनता भी आप-दा पार्टी को इसी तरह सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा किया था लेकिन जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर गया तो वहां टूटी हुई सड़कों के अलावा कुछ नहीं मिला। यमुना नदी की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगें लेकिन इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी। यह मोदी की गारंटी है कि अगर कहा है तो करेंगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब विकसित भारत के साथ अपने कदमताल करेगी।



**शुभकामनाएं**
▶▶ अब लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा

# छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन साइकिलों पर किया कब्जा

## हनी मॉडर्न स्कूल बहालगढ़ में स्पोर्ट्स डे पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

**स्पोर्ट्स डे**

**खेल उत्सव का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण व हीना दहिया ने स्कूल की प्रधानाचार्य गीता मलिक के सहयोग से किया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** बहालगढ़ स्थित हनी मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों स्कूलों के सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। खेल उत्सव का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल व हीना दहिया ने स्कूल की प्रधानाचार्य गीता मलिक के सहयोग से किया । खेल उत्सव में गणमान्य लोग भी पहुंचे । क्रॉस कंट्री रेस 600 मीटर में हनी स्कूल के छात्र व जाट जोशी गांव के प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल का इनाम जीता । दूसरा 500 मीटर रेस में स्कूल की छात्रा सुगन ने साइकिल का इनाम जीता । इसके अलावा शॉर्ट मैथ में बहुत ही कम समय में पूरे अंक लेकर स्कूल की छात्रा ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों को मात देते हुए साइकिल के नाम पर कब्जा किया। खेलों में छात्रों द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन की अभिभावकों ने सराहना की। स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि फनी स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर व्यवस्था करते हुए छात्रों की प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है इसी का परिणाम है कि खेल उत्सव में स्कूल के छात्रों ने अन्य स्कूलों के छात्रों की अपेक्षा बेहतर ईनाम प्राप्त किए हैं। स्कूल के छात्र शिक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। यह स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है । उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वह शिक्षा के साथ-साथ खेलों की तरफ भी ध्यान दें क्योंकि खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है ।आज शिक्षा के साथ खेलों में भी युवा बेहतर प्रदर्शन करके अपना उज्जवल भविष्य बना रहे हैं । प्रदेश सरकार की खेल नीति के कारण युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरियां भी मिल रही है। पहले की अपेक्षा युवाओं का खेलों की तरफ ध्यान बढ़ा है। हीना ने कहा कि उनका प्रयास है कि स्कूल के छात्र बेहतर शिक्षा प्राप्त करें और खेलों में भी पदक लेकर गांव का नाम रोशन करें । स्कूल प्रधानाचार्य गीता मलिक ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ हाई शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने बच्चों के बेहतर उज्जवल भविष्य के लिए हनी स्कूल में छात्रों का प्रवेश दिलाए।

# दिल्ली ने वादा खिलाफी करने वालों को सबक सिखाया: नरेंद्र



**खुशी**

**चुनाव में भाजपा की हुई प्रचंड जीत को लेकर कहा है कि भाजपा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** भाजपा नेता नरेंद्र धीमान ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की हुई प्रचंड जीत को लेकर कहा है कि भाजपा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। दिल्ली में बीजेपी की जीत पर पार्टी शीर्षक नेताओ का अहम योगदान रहा है। निकाय चुनाव में भी पार्टी पूर्ण बहुमत से जीत हासिल करेगी। भाजपा नेता नरेंद्र धीमान ने कहा की दिल्ली वालो के दिल मोदी है दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार को ध्वस्त कर दिया है और दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादा खिलाफी करने वालों को ऐसा सिखाया है, जो देशभर में झूठे वादे करने वालों के लिए एक उदाहरण बनेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के नए युग की शुरूआत है। 'दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हो चुका है, यह अहंकार और अराजकता की हार है।

# देवकुल शिक्षा सदन का वार्षिकोत्सव जोश एक धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गन्नौर के ललहेड़ी रोड स्थित देवकुल शिक्षा सदन में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी ने शिरकत की । स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निदेशक नीरज त्यागी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की । स्कूल के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व नैतिकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत संस्कृति कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्य कर्म ही दशार्ते हैं कि स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए बहुत मेहनत की जाती है। विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ की सराहना की व नई शिक्षा नीति के महत्व व कार्यान्वन हेतु सभी स्कूलों को प्रेरित किया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है।

# जीआरपी ने पकड़े यात्रियों से सामान चोरी करने वाले चार बदमाश

**काबू**

**चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर पांच और छह से आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले चार बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा के चारों बदमाशों से चोरी का करीब 12 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है। जीआरपी के क्षेत्राधिकारी सुदेश गुप्ता ने बताया कि ट्रेन से सामान चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद किया है। पकड़े गए बदमाशों में मुकेश निवासी ग्राम जानी थाना करनाल हरियाणा, सुभाष कुमार निवासी इंदिरा कालोनी करतारपुरा थाना रोहतक, विनोद कुमार निवासी जोदन कलां थाना इसराना जिला पानीपत और राजवीर निवासी इंदिरा कालोनी करतारपुरा थाना रोहतक हरियाणा हैं। बताया कि पकड़े गए बदमाशों से करीब 12 लाख रुपये का माल भी बरामद हुआ है। आरोपियों ने आठ चोरी की घटनाएं स्वीकार की हैं। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता और इंस्पेक्टर जीआरपी नवरत्न गौतम के मुताबिक चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर पांच और छह से आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार ने विधायक देवेंद्र से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार ने समिति सदस्यों के साथ हलका विधायक देवेंद्र कादियान के आवास पर सौहार्दपूर्ण मुलाकात कर सर्वसम्मति से चेयरमैन चुने जाने पर विधायक का धन्यवाद किया। चेयरमैन अनिल कुमार ने बताया कि विधायक देवेंद्र कादियान के मार्गदर्शन व सहयोग से विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। सरकार की नीतियों का जनता तक लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। सरकार के साथ मिलकर विकास को गति देने का कार्य करेंगे। विधायक देवेंद्र कादियान ने नवनियुक्त ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार और वाइस चेयरमैन अरुण शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि सभी गांवों में समान विकास होगा। जनप्रतिनिधि सरकार के साथ मिलकर विकास कार्यों को और गति प्रदान करेंगे। उन्होंने समिति सदस्यों से कहा कि जो भी यहां की समस्याएं है उसे मेरे संज्ञान में लाया जाए, उन समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता से उठाकर उनका हल करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास कार्य में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और उसके लिए हम सभी मिलजुल कर एकजुटता से कार्य करेंगे। सरकार की नीति के तहत बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों में समान विकास राशि मुहैया करवाई जाएगी। इस मौके पर समिति सदस्य प्रतिनिधि संदीप पहल, हैप्पी त्यागी, प्रवीन कुमार, बादल पहलवान, अजय त्यागी ने चेयरमैन अनिल व वाइस चेयरमैन अरुण के निर्विरोध चुने जाने पर विधायक का आभार जताया।

# थार से कुचलकर मासूम की मौत, चालक को मिली जमानत

**पेश किया**

**कोतवाली पुलिस ने परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में कार को बैक करते समय मासूम चपेट में आ गया। घायल अवस्था में मासूम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जमानत मिल गई। वरीखास गांव शाहजहांपुर के राजू सिंह परिवार के साथ जलपुरा गांव में किराये पर रहते हैं। साथ में उनकी बहन भी रहती है। बहन के पति अनुज की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम करीब चार बजे बहन काम के सिलसिले में घर के से बाहर थी। इसी दौरान भांजा प्रशांत (4) घर के बाहर खेल रहा था। जलपुरा गांव में ही रहने वाला गजेंद्र अपनी थार कार को बिना देखे बैक करने लगा।

# प्रेमिका के शौक पूरा करने को लूट करने वाला अपराधी गिरफ्तार





**सीधा फायर**

**रात में वजीराबाद रोड से अपराधी ऋषभ चौधरी एवं उसके साथी यश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने शनिवार की रात में वजीराबाद रोड से अपराधी ऋषभ चौधरी एवं उसके साथी यश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। अपराधी ऋषभ चौधरीअपनी प्रेमिका के शौक पूरा करने के लिए लुटेरा बन गया। रविवार को एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने प्रेस से बातचीत में बताया कि शनिवार की रात्रि को थाना शालीमार गार्डन पुलिस अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी सेक्टर तीन राजेन्द्र नगर जीडीए मार्केट में वजीराबाद रोड की तरफ से आने वाले रास्ते पर स्कूटी सवार दो संदिग्ध व्यक्ति डीएवी कट वजीराबाद रोड की तरफ से आते दिखाई दिये। जिनको चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया तो वे नहीं रुके और अपनी स्कूटी को पीछे मोड़कर तेजी से वजीराबाद रोड की तरफ भागने लगे।

एसीपी ने बताया कि उनके पर शक होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाशों के द्वारा स्कूटी को तेजी से भगाने के कारण स्कूटी वजीराबाद रोड कट से पहले मिट्टी होने के कारण फिसल कर गिर गई। पुलिस को अपने पीछे आते देख बदमाशों ने टीम पर जान से मारने की नीयत से सीधा फायर कर दिया। इस पर पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक अपराधी घायल हो गया तथा दूसरा मौके से भाग निकला, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को पीछे भेजा गया। उन्होंने बताया कि लोनी इलाके के निवासी घायल अपराधी का नाम प्रिंस मावी उर्फ यश पुत्र ओमपाल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। भागे हुए अपराधी को कुछ समय के भीतर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम ऋषभ चौधरी निवासी गुलमोहर ग्रीन मोहन नगर बताया।

# खरखौदा में फैली इस गंदगी का जिम्मेवार कौन



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** शहर के मुख्य मार्ग से गंदगी का उठान करने के लिए नगरपालिका ने अलग से ठेका दिया हुआ है।लेकिन शहर की मुख्य सड़कों और इनके किनारे जिस प्रकार से गंदगी के ढेर लगे हुए है। उससे साफ पता चलता है कि नगरपालिका गंदगी उठान को लेकर कितना गंभीर है और जिम्मेदारी कितनी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। आपको बता दे कि पिछले कई दिनों से शहर में मुख्य सड़क की सफाई विधिवत रूप से नहीं हो रही है। सड़कों पर से उठती धूल व फैली गंदगी से न केवल राहगीर परेशान हैं बल्कि मुख्य सड़क किनारे बनी दुकानों के दुकानदार भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि शहर की मुख्य सड़कों पर सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। क्योंकि स्वच्छता के नाम खेल किया जा रहा है। सोनू, कर्मबीर, श्याम, मुनेश व प्रमोद आदि का कहना है कि सड़कों की सफाई के लिए कभी-कभार ही सफाई कर्मी देखने को मिलते हैं। गदंगी के सड़कों पर ढेर लगे रहना आम बात हो चली है। आने वाले दिनों में चलने वाली हवाओं के कारण यह गंदगी उड़कर इधर-उधर फैलेगी। जिससे परेशानी और ज्यादा बढ़ेगी। लेकिन नगरपालिका है कि इस पर ध्यान देने को ही तैयार नहीं है। यही कारण है कि लंबे समय तक सड़कों पर कूड़ा सड़ता रहता है


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

**मैं जो कि मेहा पुत्री राजेश कुमार निवासी खिजरपुर अहीर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयां करती हूं कि मैंने अपना नाम मेहा यादव से बदलकर मेहा कर लिया है भविष्य में मुझे मेहा के नाम से जाना जाए।**

# केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों संग की बैठक

## मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएं, जनता ने आआपा के 22 विधायकों पर भरोसा जताकर उन्हें यहां भेजा है: केजरीवाल

**बैठक**

▶▶ आतिशी ने कहा कि पार्टी मुखिया ने नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ एक बैठक की। इसमें तय किया गया कि पार्टी अब सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी। आआपा नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की। केजरीवाल ने सभी विधायकों को दिशा-निर्देश दिए कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के जो भी काम हैं, वह सम्बन्धित इन विधायकों को करने हैं। केजरीवाल ने कहा कि जनता ने आआपा के 22 विधायकों पर भरोसा जताकर उन्हें यहां भेजा है। इसे देखते हुए अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें। उनकी समस्याओं का समाधान करें। केजरीवाल ने कहा कि इसके अलावा हमारी दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की भूमिका निभाना है। आआपा विधायकों का काम है कि यह सुनिश्चित करें कि जो पार्टी सरकार बना रही है, वह जवाबदेह हो। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपये की योजना पारित की जाएगी और 8 मार्च तक दिल्ली की सभी महिलाओं के खातों में 2500 रुपये जमा हो जाएंगे। आम आदमी पार्टी इस पर भाजपा की जवाबदेही सुनिश्चित करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली की हर महिला को भाजपा की ओर से यह 2500 रुपये मिलें। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आआपा ने पिछले 10 सालों में जो काम शुरू किए हैं, उन्हें भाजपा रोके नहीं। हम भाजपा को बताना चाहते हैं कि जैसा उन्होंने वादा किया था, वैसा ही दिल्ली के सभी लोगों को मुफ्त बिजली मिलेगी, 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी, सारी सुविधाएं जारी रहेंगी, सरकारी स्कूल अच्छे रहेंगे, मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त इलाज जारी रहेगा, सरकारी अस्पतालों में सारा इलाज जारी रहेगा, इसलिए हम भाजपा की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे। वह चाहे दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये देना हो या आम आदमी पार्टी के कामों को जारी रखना हो। इस बैठक में आआपा की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता ने हमें 10 साल काम करने का मौका दिया और हमने जनता के लिए काम किया।

हम जनता के जनादेश को पूरी विनम्रता से स्वीकार करते हैं और उम्मीद करते हैं कि भाजपा जनता के लिए काम करेगी। अब हम एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। इन चुनावों में हमारी क्या कमी रही, उस पर गहनता से विचार करेंगे।

# भारत की क्वांटम छलांग को प्रमाणित किया: डॉ. जितेंद्र



**उद्घाटन**

▶▶ केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में विज्ञान भारती के नए परिसर का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां कहा कि वैक्सीन और चंद्रयान जैसी वैश्विक सफलता की कहानियों ने भारत की क्वांटम छलांग को प्रमाणित किया है। डॉ. सिंह राष्ट्रीय राजधानी में "विज्ञान भारती" के नए परिसर का उद्घाटन करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इसे लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यालय विचारों के आदान-प्रदान का केंद्र और सीखने का केंद्र होगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विज्ञान के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी युग का गवाह बन रहा है।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रधानमंत्री न केवल वैज्ञानिक समुदाय को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि उसे संसाधनों के साथ मजबूत बनाने और सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए गैर-सरकारी क्षेत्रों के साथ सहयोग करने में सक्षम बनाते हुए उसे अटूट समर्थन भी प्रदान करते हैं। पिछले दशक की प्रगति की चर्चा करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में हमेशा से ही अपार वैज्ञानिक कौशल और प्रतिभा रही है लेकिन राजनीतिक नेतृत्व की ओर से प्रतिबद्धता और प्राथमिकता की कमी थी।

उसे अब प्रधानमंत्री मोदी के शासन में सक्रिय रूप से संबोधित किया जा रहा है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि भारत, जिसे कभी उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा में गंभीरता से नहीं लिया जाता था, अब निवारक स्वास्थ्य सेवा में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। उन्होंने गर्व के साथ भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिनमें महामारी के दौरान विकसित पहला डीएनए टीका शामिल है।

# भ्रष्टाचार मामलों की जांच के लिए एसआईटी का होगा गठन: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में 26 साल से अधिक अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में आई है। भाजपा ने नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाने की घोषणा की। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता रखती है और घोटालों में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। सचदेवा ने पीटीआई वीडियो को बताया, 'जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार कहा और हमने भी किया। सीएजी रिपोर्ट पहली कैबिनेट बैठक के दौरान पेश की जाएगी। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) भी बनाएंगे।' 70 सदस्यीय सदन में 48 सीटों के साथ दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर टिप्पणी करते हुए सचदेवा ने पार्टी की सफलता के लिए मार्गदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को श्रेय दिया।

# आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा को भी भंग कर दिया है। आआपा नेता आतिशी रविवार सुबह राजनिवास पहुंचकर और उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलीं और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। आतिशी पिछले साल 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी थीं। वे दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री थीं। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रही चुकी हैं। इसी बीच उपराज्यपाल (एलजी)



विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की विधानसभा को भी भंग कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना 8 फरवरी को हुई थी। इस चुनाव में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत मिला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव आआपा को भारी झटका लगा है। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। आम आदमी पार्टी को केवल 22 सीटें ही मिली है।

# बिना किसी राजनीति के दिल्ली में होगा विकास: विधायक प्रवेश वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को कहा कि बिना किसी राजनीति के दिल्ली में पांच साल अब विकास होगा। आयुष्मान और महिला समृद्धि योजना को दिल्ली में लेकर आएंगे। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने रविवार को अपने पैतृक गांव मुंडका पहुंचे। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने पिता साहिब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि दी और अपने पिता के अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प लिया। इसके बाद उन्होंने मुंडका के दादा भैरव मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। दर्शन के बाद प्रवेश वर्मा ने



पत्रकारों से कहा कि हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। सड़कों की हालत खराब है। दिल्ली देहात की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। जनता ने जो कमल दिल्ली में खिलाया है। उसके बाद भाजपा के जीते उम्मीदवार अब यहां विकास के लिए सभी काम करेंगे। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली में बिना किसी राजनीति के पांच साल विकास ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली को समय और ध्यान देने की बात कही। दिल्ली को पूरा बजट मिलेगा।

# आईपी यूनिवर्सिटी की छात्रा ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में लहराया परचम

**प्रतिभा**

▶▶ देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में कलारीपयट्टू खेल स्पर्धा में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी से संबद्ध इंस्टीट्यूट एनडीआईएम की छात्रा जीयूओ विस्मया बिनु ने देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में कलारीपयट्टू खेल स्पर्धा में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में तलवार और ढाल श्रेणी में रजत पदक और उर्मी और ढाल श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में उन्होंने दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया। 38 वें राष्ट्रीय खेल स्पर्धा उत्तराखंड के देहरादून में 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे हैं। इस प्राचीन मार्शल आर्ट कला कलारीपयट्टू को विस्मया बिनु ने 8वीं कक्षा से सीखना शुरू कर दिया था। उन्होंने लगातार अपने प्रदर्शन को बेहतर किया है। उन्होंने अपने प्रदर्शन से विश्वविद्यालय और राज्य को गौरवान्वित किया है। उन्होंने दिल्ली मलयाली एसोसिएशन, आरके पुरम सेक्टर-4 में सुमेश पीबी गुरुकल के मार्गदर्शन में इस खेल स्पर्धा के लिए अपने कौशल को विकसित किया और इस ऐतिहासिक कला के तकनीकों को सीखने के लिए कठिन प्रशिक्षण लिया।

# कैग रिपोर्टों में है आप सरकार और केजरीवाल के भ्रष्टाचार का चिट्ठा: विजेंद्र

**दावा**

▶▶ इन रिपोर्टों में आआपा सरकार और केजरीवाल के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा छिपा है: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पिछले पांच वर्षों में कैग की 14 रिपोर्ट दबा रखी हैं। इन रिपोर्टों में आआपा सरकार और केजरीवाल के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा छिपा है। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि वर्ष 2017 के बाद एक भी कैग रिपोर्ट सदन में पेश नहीं हुई। यह बताने के लिए काफी है कि आआपा सरकार कैसे दिल्ली की जनता को लूटती रही थी? उन्होंने कहा कि भाजपा को दिल्ली में बहुमत मिलने के बाद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि कैग की सभी रिपोर्ट पहले ही सत्र में सदन के पटल पर रखी जाएंगी। इससे आआपा सरकार के भ्रष्टाचार के सबूत जनता के सामने आएंगे। भाजपा नेता गुप्ता ने कहा कि हमने कैग रिपोर्ट को सदन में पेश करने को लेकर पांच वर्षों में हर स्तर पर संघर्ष किया।

इस मामले को लेकर राष्ट्रपति से लेकर कोर्ट तक गए। सदन में आवाज उठाई लेकिन हर बार सदन में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की गई।

# दिल्ली में अहंकार और अराजकता की हार हुई: स्वाति



**पूजा-अर्चना**

▶▶ मालीवाल ने पत्रकारों से की बात, मां संगीता के साथ स्वाति मालीवाल ने किए हनुमानजी के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) से बगावत करने वाली राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल अपनी मां संगीता मालीवाल के साथ रविवार सुबह नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और हनुमानजी का आशीर्वाद लिया। प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सांसद स्वाति मालीवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा है कि आज उन्हें बहुत खुशी हो रही है। दिल्ली में अहंकार और अराजकता की हार हुई है। उन्होंने कहा कि वह ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी नहीं करना चाहती, लेकिन जो उनके साथ घटना हुई है, उसे वह बयां कर सकती है। स्वाति ने कहा कि सामने बहुत ताकतवर लोग थे। उनके अंदर बहुत ताकत व बाहुबल था, पैसे वाले थे। उनके साथ अत्याचार किया गया। स्वाति मालीवाल ने कहा है कि सत्य

# ...तो इसलिए दिल्ली में विधानसभा चुनाव हार गई 'आप'

**कारण गिनाए**

▶▶ वैकल्पिक राजनीति के लिए बनाई गई एक पार्टी, जिसे पारदर्शी, जवाबदेह लोकतांत्रिक माना जाता था

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा का 26 साल का वनवास समाप्त हो चुका है। प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा ने राजधानी में वापसी की है। बीते 10 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का किला ढह गया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सरकार में नंबर दो रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन समेत कई मंत्री और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने अपनी सीट गंवाई। वहीं सीएम आतिशी हारते-हारते जीतीं हैं। आम आदमी पार्टी के पूर्व सहयोगी प्रशांत भूषण ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने हार के पीछे के कुछ कारण बताए। अरविंद केजरीवाल के पूर्व सहयोगी वकील प्रशांत भूषण ने एक्स पर लिखा, 'आप की दिल्ली हार के लिए केजरीवाल काफी हद तक जिम्मेदार हैं। वैकल्पिक राजनीति के लिए बनाई गई एक पार्टी, जिसे पारदर्शी, जवाबदेह और लोकतांत्रिक माना जाता था, उस पार्टी को अरविंद ने तुरंत एक सुप्रीमो प्रभुत्व वाली, गैर पारदर्शी और भ्रष्ट पार्टी में बदल दिया। लोकपाल का पालन नहीं किया और अपना लोकपाल हटा दिया।'



**'45 करोड़ का शीश महल बनवाया'**

उन्होंने अपने लिए 45 करोड़ का शीश महल बनवाया और लक्जरी कारों में यात्रा करना शुरू कर दिया। उन्होंने आप द्वारा गठित विशेषज्ञ समितियों की 33 विस्तृत नीति रिपोर्टों को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि समय आने पर पार्टी समीचीन नीतियां अपनाएगी। उन्हें लगा कि राजनीति झांसे और प्रचार से की जा सकती है। यह आम आदमी पार्टी के अंत की शुरूआत है।'

दिल्ली चुनाव में भाजपा ने हिंदुत्व पर अधिक जोर नहीं दिया, तो मुसलमानों को आकर्षित करने की भी कोशिश नहीं की। नतीजों से लगता है कि मुस्लिमों ने आप के नरम हिंदुत्व को नजरअंदाज किया और भाजपा को भी वोट दिया। लेकिन आप या किसी भी पार्टी के लिए दिल्ली में चुनाव जीतने के लिए सिर्फ मुसलमानों का समर्थन ही पर्याप्त नहीं है।

# भारतीय वायुसेना की 'नवाचार उत्कृष्ट भविष्यम' पर गोष्ठी 11 फरवरी को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) आत्मनिर्भरता की छत्रछाया में उद्योग भागीदारों के साथ निरंतर संपर्क में रहकर सरकारी नीतियों के माध्यम से स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता का दोहन करने के लिए काम कर रही है। पुर्जों और उपकरणों के पोषण के स्वदेशीकरण और नवाचार में काफी सफलता मिली है। अब उसका प्रयास जटिल भविष्य की प्रौद्योगिकियों, हथियार प्रणालियों और अंतरिक्ष क्षेत्र की ओर केंद्रित है। भविष्य की प्रौद्योगिकियों की खोज और आत्मनिर्भरता की दिशा में अभियान को उजागर करने के लिए, भारतीय वायुसेना द्वानवाचार उत्कृष्ट भविष्यम्ह (नवाचार बेहतर भविष्य का मार्ग है) विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा वायुसेना प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे। यह संगोष्ठी 11 फरवरी को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन के हॉल नंबर 1 में आयोजित की जाएगी। इस संगोष्ठी में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों, विमानन और एयरोस्पेस क्षेत्र के उद्योग जगत के नेताओं, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू), एमएसएमई, स्टार्ट-अप, इनोवेटर्स और शिक्षाविदों के शामिल होने की उम्मीद है। संगोष्ठी का उद्देश्य रक्षा बलों, उद्योग और अनुसंधान एवं विकास एजेंसियों के बीच सहयोग को प्रेरित करना है।

# चुनाव के बाद बीजेपी में हलचल तेज, वीरेंद्र ने एलजी से मिलने का समय मांगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बीजेपी में हलचल तेज हो गई है। वहीं दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी वीके सक्सेना से मिलने का समय मांगा है। बता दें, इससे पहले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा, अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, कैलाश गहलोत ने भी एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के 48 नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों और सात लोकसभा सांसदों के साथ बैठक के लिए समय मांगा।

# दिल्ली में हैवानियत की हद पार: युवक से दरिंदगी के बाद हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना इलाके में मिनी बस (आरटीवी) के भीतर एक युवक के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर उसकी हत्या कर दी गई। बस की सीट और फर्श पर खाना गिरने से चालक इतना नाराज हुआ कि आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले युवक को डंडे और लोहे की रॉड से पीटा। बाद में उसके प्राइवेट पार्ट (गुदा मार्ग) में लोहे की रॉड डाल दी। इससे युवक की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने बवाना बस डिपो के पास तालाब के नजदीक उसका शव फेंककर आरोपी फरार हो गए। अगले दिन पुलिस को युवक का शव मिला तो इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ। युवक की पहचान इटावा, यूपी निवासी मनोज उर्फ बाबू (28) के रूप में हुई हुई है।

**पुलिस ने बस को लिया कब्जे में**

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मनोज का शव परिजनों के हवाले कर दिया है। हत्या का मामला दर्ज कर शनिवार देर रात एक आरोपी सुशांत शर्मा उर्फ चुटकली (24) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को मामले में मुख्य आरोपी बस चालक आशीष उर्फ आशु और उसके बाकी साथियों की तलाश है। पुलिस ने वारदात वाली बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**बर्थडे पार्टी में खाना बनाकर लौट रहा था बाबू**



पुलिस के मुताबिक मनोज अपने भाई जितेंद्र के साथ गौतम कॉलोनी, नरेला में रहता था। मनोज शादियों में खाना बनाने का काम करता था। एक फरवरी की रात को यह सुल्तानपुर डबास एरिया में एक बर्थडे पार्टी में खाना बनाकर लौट रहा था। उस समय मनोज का साथी रसोइया दिनेश भी इसके साथ था। कार्यक्रम के बाद जो खाना बचा, मनोज ने उसे घर के लिए पैक कर लिया।

**कढ़ी गिरने पर आग बबूला हो गया था ड्राइवर**

इस बीच दोनों नरेला के लिए मिली बस में सवार हो गए। बस में बैठने के दौरान अचानक एक पॉलीथीन के फटने से कढ़ी सीट और बस के फर्श पर बिखर गई। इसका जब बस चालक आशीष को पता चला तो वह आग बबूला हो गया। उसने बस रोकी और मनोज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इस बीच दिनेश बवाना चौक पर उतर गया।

**मामला दर्ज**

▶▶ आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले युवक को डंडे और लोहे की रॉड से पीटा

**शर्ट उतारकर कहा था साफ करने को**

बस चालक आशीष का कहना था कि वह खाने को साफ करे। मनोज ने जब कपड़ा न होने की बात की तो आरोपियों ने उससे शर्ट उतारकर खाना साफ करने के लिए कहा। इसी बात पर मनोज की उससे बहस होने लगी। मारपीट के बाद आरोपियों ने बस में मौजूद लोहे की रॉड मनोज के प्राइवेट पार्ट में डाल दी। इससे उसकी मौत हो गई।

**तालाब किनारे फेंका शव**

आरोपियों ने बवाना फ्लाईओवर के नजदीक, डीटीसी बस डिपो के नजदीक तालाब के किनारे उसका शव फेंका और फरार हो गए। अगले दिन दो फरवरी को राहगीरों ने शव को देखा तो पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया। क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

# अब दिल्ली भी विकसित भारत के साथ करेगी कदमताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी पर मोहर लगाई है। अब मोदी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ। दिल्ली चुनाव में लगे सभी नेताओं व कार्यकताओं को भी उन्होंने बधाई दी और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एक कुशल संगठनकर्ता की तरह काम किया है। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ बोलकर लोगों को बहकाने वाले नेता से छुटकारा पाया है। अरविंद केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। यमुना नदी को 2025 तक स्वच्छ करने के बार-बार सपने दिखाएं और जब वे इसे पूरा नहीं कर पाएं तो हरियाणा पर नदी में जहर मिलाने तक के झूठे आरोप लगाने लगे। दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर उनके झूठे वायदों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अब पंजाब की

**नीतियां**

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जलेबियां खिलाकर दिल्ली की जनता का जताया आभार**

जनता भी आप-दा पार्टी को इसी तरह सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा किया था लेकिन जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर गया तो वहां घंटों जाम व टूटी हुई सड़कों के अलावा कुछ नहीं मिला। यमुना नदी की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगे लेकिन इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी। यह मोदी की गारंटी है कि अगर कहा है तो करेंगें।

**कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय यमुना बनेगा अगला टूरिस्ट डेस्टिनेशन**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली अब विकसित भारत के साथ अपने कदमताल करेगी। यमुना रिवर फ्रंट को इतना सुंदर बनाया जाएगा कि लोग कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय वहां घूमना पसंद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना को स्वच्छ करने व सौंदर्यीकरण करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को खत्म करने के लिए कई योजनाओं पर तीव्र गति से काम होगा। इसके लिए मेट्रो सेवाओं में बढ़ोतरी होगी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने सहित कई योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा।

**चुनाव में दिल्ली के लोगों से किया था जलेबी बांटने का वायदा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली आया था तो उस समय मैंने एक दुकान पर रूक कर लोगों के साथ जलेबियां खाई थी। इस दौरान मैंने लोगों से कहा था कि हरियाणा व महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनेगी और खूब जलेबियां बटेंगी। दिल्ली की जनता ने भाजपा को दिल खोलकर अपना जनादेश दिया है। इसलिए आज मैं खुद अलग-अलग तरीके की जलेबियां दिल्ली की जनता को खिलाने आया हूँ। उन्होंने कहा कि आज यहां गोहाना की मशहूर जलेबियां भी है और छोटी जलेबी व इमरती भी है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की झूठ को जहां सत्ता से बाहर करने का काम किया है वहीं कांग्रेस पार्टी तीसरी बार जीरो पर आउट हुई है।

# रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। रविवार** को रैपिड एक्शन फोर्स ने उप-कमाण्डेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस जोन पश्चिम गुरुग्राम के पुलिस थानों के क्षेत्र में परिचित अभ्यास के लिए पुलिस लाईन गुरुग्राम में सहायक पुलिस आयुक्त मंजीत सिंह गुरुग्राम से मुलाकात की। रैपिड एक्शन फोर्स की टीम व पुलिस ने साथ मिलकर थाना क्षेत्रों के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की। इस दौरान पुलिस लाईन गुरुग्राम से मोर चौक, अग्रवाल धर्मशाला चौक, गुरुद्वारा रोड, सोहना चौक, भूतेश्वर मंदिर चौक, खांडसा मंडी, हिमगिरी चौक, बसई फ्लाईओवर, ईएसआई अस्पताल सेक्टर-9, सेक्टर-4/7 चौक, बाबा प्रकाशपुरी चौक, भगत सिंह चौक, शीतला माता रोड, सीआरपी चौक, कटारिया चौक, एमडीआई चौक (पुराना महाराणा

**संवेदनशील**

**पुलिस ने साथ मिलकर थाना क्षेत्रों के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया**

चौक), सेक्टर-14 कॉलेज, पुलिस लाईन्स गुरुग्राम तक एरिया में फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा आमजन से पूर्व में घटित हुए दंगों, भविष्य में संभावित दंगों के बारे में सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी जानकारियां हासिल की।उप-कमाण्डेंट सुनील कुमार ने बताया कि परिचित अभ्यास के दौरान थाना क्षेत्र में संवेदनशील जगह, बलवाईयों की सूची तैयार किया गया, ताकि क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा होने पर अधिक प्रभावी/कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सके। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस,

## न्यूज फ्लैश

### निकाय चुनाव टिकट के लिए कांग्रेस ने 11 फरवरी तक मांगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा है कि कांग्रेस नगर निगम (पार्षद और मेयर) व नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने जा रही है। इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसजन 11 फरवरी तक अपना आवेदन फार्म जमा करवा सकते हैं। कोई कांग्रेसजन नगर परिषद के वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ना चाहता है तो वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव के लिए गठित की गई अपने जिले की समिति से संपर्क कर सकता है ताकि उसके पार्टी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने या ना लड़ने पर विचार किया जा सके। नगर पालिका का कोई भी चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ा जाएगा। क्योंकि यह भाईचारे का चुनाव होता है। चौधरी उदयभान ने बताया कि आवेदक प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित की गई स्थानीय निकाय चुनाव जिला समिति के इंचार्ज अथवा संयोजक को 11 फरवरी को सायं 5 : बजे तक अपना आवेदनपत्र अवश्य जमा करवा दें। ताकि आगे की कार्यवाही अविलंब पूरी की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने बैठक कर बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग उठाने का फैसला लिया है। इसके संबंध में सोमवार को पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग में जाकर मांग करेगा। उदयभान ने बताया कि प्रदेश में एससी और ओबीसी को रिजर्वेशन के मुताबिक सीटें नहीं दी जा रही हैं। इस मुद्दे को भी चुनाव आयोग के समक्ष उठाया जाएगा।

### फरीदाबाद: सूरजकुंड मेले में हाथ से बनी गुजराती साडियों की धूम



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में पर्यटकों को गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिल रही है। शिल्पकार अपने राज्य की विविध कलाओं, और परिधानों का प्रदर्शन कर मेला प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं मेला में हैंड मेड गुजराती साडियों की धूम है। उल्लेखनीय है कि गुजरात की साडियां अपनी विशिष्टता और बुनाई की तकनीकों के लिए प्रसिद्ध हैं। इनमें पटोला, बंधनी, घीच, और अजरख जैसी साडियां शामिल हैं, जो अपने रंगों, पैटर्न और बुनाई की जटिलता के लिए जानी जाती हैं। परिधान से जुड़ी स्टालों पर गुजराती हैंडमेड साडियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। खरीदारी के साथ ही महिलाएं पारंपरिक डिजाइन और बुनाई की उत्कृष्टता की जानकारी मेले में ले रही हैं। चूंकि मेला में बुनकर और शिल्पी देश व विदेशी स्टालों पर आगंतुकों को कलाओं की बारीकी से जानकारी दे रहे हैं। कारीगरों की खूबसूरत गुजराती साडियों में कला और मेहनत की अनूठी कहानी भी छिपी हुई है। मेला में स्टॉल संख्या-979 के संचालक व प्रसिद्ध बुनकर गुजरात के गांव भुझुडी निवासी देवजी और बाया भाई कहते हैं कि उनका प्रमुख व्यवसाय हैंडमेड गुजराती साडियां हैं। हथकरघा में उनके परिवार को अब तक सरकार द्वारा 10 राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें देवजी को वर्ष 1997 में नेशनल अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा उनकी कला को सूरजकुंड मेले में भी चार बार अवार्ड मिल चुका है। उनका कहना है कि यहां मिलने वाली हर साड़ी सिर्फ एक वस्त्र नहीं, बल्कि गुजराती बुनकर की समृद्ध परंपरा का प्रतीक भी है।

# भाजपा सरकार आने से खुले दिल्ली में विकास के द्वारः नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के फरीदाबाद के सूरजकुंड में चल रहे 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा सरकार की ओर से बतौर मेजबान राजहंस पर्यटन केंद्र में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार के अनेक मंत्रियों, विधायकों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण ने सांझा प्रीतिभोज लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन केंद्र में रखे गए भोज के दौरान स्वयं उपस्थित विशिष्ट जनों के पास जाकर उनका कुशल क्षेम पूछा। दोपहर भोज कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम



में घाना, मध्यप्रदेश, रशिया, इथोपिया, असम और कजाकिस्तान के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, राज्य सभा सांसद सुभाष बराला, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अधलखा, कपूर वाल्मीकि सहित

**मोहर**

**मुख्यमंत्री ने बतौर मेजबान दोपहर भोज के आयोजन में की शिरकत, केंद्र और प्रदेश सरकार के अनेक मंत्री, विधायक प्रीतिभोज में हुए शामिल**

हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी, पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**दिल्ली की जनता ने भाजपा की नीतियों पर लगाई अपने समर्थन की मोहर**

भोज के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर अपने समर्थन की मोहर लगाते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इससे अब दिल्ली के विकास का रास्ता खुल गया है। दिल्ली की जनता अब खुश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लागू की गई सभी योजनाओं का लाभ अब दिल्ली वासियों को प्रभावी रूप से मिलेगा, जिनसे वे कई सालों से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा लोगों को बरगलाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली की जनता द्वारा दिए गए अपार समर्थन पर उत्साहित मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने हमेशा झूठ बोलने का काम किया है, उसमें यमुना नदी की सफाई करने, हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने, और नई सडकें बनाकर पेरिस बनाने आदि विभिन्न मामले शामिल रहे हैं।

# आम आदमी पार्टी अंदर से बेईमान थी, ऊपर से ईमानदार : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरिया**णा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के 68 उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाने व आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के हारने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पार्टियां और भी हारती हैं लेकिन लोग उन्हें वैसे ही जानते है। आम आदमी पार्टी ने कैमोफलेगिंग (छलावरण) कर रखी है। यह अंदर से कट्टर बेईमान थे लेकिन ऊपर से कट्टर ईमानदार बने हुए थे। इनकी पोल, सच और झूठ



की लड़ाई में खुल गई। उन्होंने कहा यह प्रकृति का नियम है कि झूठ की ही हार होती है। विज ने रविवार को अंबाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली चुनाव में आप के वोट बैंक पर कांग्रेस के सेंध लगाने तथा इंडी गठबंधन को लेकर किए सवाल पर कहा कि इंडी की भिंडी बन गई है। इंडी नाम की कोई चीज नहीं है। जो भी वहां आए सब हार गए।

पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा द्वारा पंजाब मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने कि वो भाजपा में चले जाएंगे, पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यही इंडी मॉडल है। एक पार्टनर दूसरे पार्टनर पर इस प्रकार की टिप्पणियां कर रहा है। अभी विधिवत गठबंधन टूटने की घोषणा तो नहीं हुई, लेकिन टिप्पणियां शुरू हो गयी है।

## पलवल में तेंदुए की दहशत से किसानों ने खेत में जाना किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
पलवलः जिले के अलग-अलग गांवों के जंगलों में तेंदुए की मौजूदगी से स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। जिले के बड़े गांव अलावलपुर और सदरपुर में रात को ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने के बाद से स्थिति और भी ज्यादा गंभीर हो गई है। खेतों में मृत जानवरों की हड्डियों की बरामदगी ने ग्रामीणों की चिंता को और बढ़ा दिया है। जिस वजह से किसान खेतों में जाना बंद कर दिया है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम तेंदुए की तलाश में जुटी हुई है।

# जल व सड़क कार्यों के लिए 239 करोड़ की राशि को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़, सढौरा, आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों, चरखी दादरी जिले के पाटूवास गांव में जल कार्यो, करनाल जिले के घोगरीपुर में कैथल रोड से मुनक रोड तक वेस्टर्न बाईपास के निर्माण और पानीपत-सफीदों-जींद सड़क के विकास कार्यो के लिए 239 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के सढौरा निर्वाचन क्षेत्र और अंबाला जिले के नारायणगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में एससीएसपी योजना के तहत 12 विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 903.18 लाख रुपए (अनुमानित लागत) की राशि को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने करनाल जिले के घोगरीपुर में कैथल रोड से मुनक रोड तक 6.180 से 11.100 किलोमीटर तक वेस्टर्न बाईपास के निर्माण कार्य के लिए 3736.30 लाख रुपए (संशोधित लागत) राशि को प्रशासनिक मंजूरी दी। इसके अलावा, पानीपत-सफीदों-जींद सड़क (एसएच-14) पर पानीपत से सफीदों तक 4 लेन बनाने तथा सफीदों से जींद तक 10 मीटर चौड़ा करने के लिए 184.44 करोड़ रुपए की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने चरखी दादरी जिले के पाटूवास गांव में ग्रामीण जल आपूर्ति संवर्धन कार्यक्रम के तहत जल कार्यों का नवीनीकरण और डीआई पाइप लाइन बिछाने के लिए 405.88 लाख

**स्वीकृति**

**झज्जर कमिश्नरेट के लिए बहादुरगढ़ जोन में साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों का निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की**

रुपए की राशि को मंजूरी प्रदान की है। जिसमें जल भंडारण टैंक का सुद्दढ़ीकरण, 3 फिल्टर बेड का निर्माण, 1 साफ पानी की टंकी का निर्माण, मौजूदा जल कार्यों की मरम्मत और आंतरिक वितरण प्रणाली बिछाना के कार्य किए जाऐंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा, हिसार जिले के आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न 4 सड़कों की विशेष मरम्मत/सुधार प्रदान करने के लिए 445.65 लाख रुपए (अनुमानित लागत) की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन सड़कों में चूली खुर्द से मेहराणा तक राज्य सीमा तक विशेष मरम्मत 92.11 लाख रुपए, मोहब्बतपुर से शिवालिक मंदिर तक सड़क का सुद्दढ़ीकरण 241.95 लाख रुपए, चूली खुर्द से बीरन तक स्टेट बॉर्डर तक सड़क की विशेष मरम्मत 86.94 लाख रुपए और 24.65 लाख रुपए से उप स्वास्थ्य केंद्र ढाणी मोहबतपुर रोड की विशेष मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत कमिश्नरेट के लिए पूर्वी गोहाना जोन तथा झज्जर कमिश्नरेट के लिए बहादुरगढ़ जोन में साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों का निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की।

# दिल्ली में खट्टर और सैनी ने आठ आठ सीटें जिताई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए हरियाणा के करीब सौ नेताओ की ड्यूटी ल**गाई गई थी। पार्टी की जीत में इन नेताओं का भी अहम रोल रहा। हरियाणा दिल्ली से सटा हुआ है और दिल्ली की 32 सीटों पर हरियाणा का प्रभाव है। इसीलिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी को स्टार प्रचारक बनाया था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही यह साफ हो गया कि खट्टर के प्रचार वाली 9 में से 8 सीटों पर भाजपा जीती।



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी 11 में से 8 सीटें जिताईं। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के यमुना में जहर मिलाने के दांव को फेल करने वाले भी सीएम सैनी ही रहे। सैनी ने इस मुद्दे को भाजपा के लिए नुकसान दायक नहीं होने दिया और केजरीवाल के आरोपों की हवा निकाल दी। केजरीवाल ने कहा था कि हरियाणा से यमुना में पानी दिल्ली आता तो नरसंहार हो जाता। इसका पता चलते ही दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने उसे बॉर्डर पर ही रोक लिया। अगर वह पानी दिल्ली आ जाता तो सामूहिक नरसंहार हो जाता। इतनी गंदी राजनीति नहीं देखी। दो दुश्मन देशों के बीच ऐसा पहले देखा गया था। अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर बम फेंका था। आज भाजपा ने जहर मिलाकर दिल्ली भेज दिया है, ताकि उसका आरोप आम आदमी पार्टी पर आ जाए। भाजपा ने तुरंत सीएम नायब सैनी को केजरीवाल के सामने किया।

केजरीवाल के आरोप पर सीएम सैनी ने कहा- घटिया और झूठ की राजनीति करने के मामले में केजरीवाल का कोई सानी नहीं। केजरीवाल ने उस माटी का अपमान किया, जहां वह पैदा हुए।

# राजस्थानी लोक गायक ने किया सूरजकुंड में पर्यटकों का अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** 38 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला में दिनभर जहां पर्यटक देश-विदेश की ओर से लगाई गई विभिन्न उत्पादों की स्टॉल पर पहुंचकर शिल्प कला को देखा और खरीददारी की वहीं अनेक प्रकार के व्यंजनों का स्वाद भी चखते हुए सांस्कृतिक संध्या में भागीदार बन रहे हैं। पर्यटन निगम हरियाणा की तरफ से हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसमें हर रोज देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा

**आकर्षण**

**हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा**

रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार मामे खान ने अपनी गायकी से देर रात तक समां बांधे रखा। सूरजकुंड मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में आओ जी पधारो म्हारे देश... गीत गाकर लोक गायक मामे खान ने मेले में आए आगंतुकों व पर्यटकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस गीत में अतिथि देवो भवः की झलक दिखाई दी। कलाकार मामे खान ने एक के बाद एक गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने मंच से मां तुझे सलाम, मुझसे नैना मिला के, जब भी देखूं बणना की लाल-पीली अखियां, सजदा तेरा सजदा, तेरे मस्त-मस्त दो नैन और थारी शरारत में सब जानू... मैं चौधरी आदि गीतों की प्रस्तुति दी तो दर्शक अपने आपको झूमने से रोक नहीं पाए। वहीं मंच से कई बार लोगों के बीच आकर मामे खान ने गायकी की।

# जाखड़ के पौत्र की शादी के प्रीतिभोज में मिले मोदी और हुड्डा पिता-पुत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र** सिंह हुड्डा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक छोटी सी मुलाकात का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में मोदी और भूपेंद्र हुड्डा एक-दूसरे के हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी हाथ मिलाया। प्रधानमंत्री मोदी भूपेंद्र हुड्डा से कहते हैं कि कहां हो भाई आजकल कभी मिलिए आकर। वह दीपेंद्र हुड्डा से भी कहते हैं- अरे, जूनियर हुड्डा यहां हैं। कल काफी याद किया था। यह वीडियो पंजाब के वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जाखड़ के पोते की शादी के प्रीतिभोज का है। यह प्रीतिभोज दिल्ली में 5 फरवरी को रखा गया



था। हालांकि, दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत के बाद अब इस वीडियो को भाजपा कार्यालय का बताकर सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी से हुड्डा पिता-पुत्र की मुलाकात का यह वीडियो करीब 30 सेकेंड का है। यह वीडियो किसी ने हुड्डा के पीछे खड़े होकर बनाया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी सिक्योरिटी स्टाफ के बीच चलते नजर आ रहे हैं। वह साइड में खड़े लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए बढ़ रहे हैं।

इसी दौरान मोदी साइड में खड़े भूपेंद्र हुड्डा का दूर से ही हाल पूछते हैं। वह कहते हैं, 'चलें,

**शांति**

~~**मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई**~~

हुड्डा साहब अरे वाह! कहां हो भाई आजकल' हुड्डा बोले- नमस्कार जी, ठीक हैं। मोदी ने कहा, 'सब ठीक हैं न मिलिए भाई आकर कभी भी।'दीपेंद्र से बोले- कल तो काफी याद किया आपको इसके बाद मोदी आगे बढ़ जाते हैं। वह हुड्डा के बगल में खड़े एक अन्य व्यक्ति को हाथ जोड़कर नमस्कार करते हैं और हालचाल पूछते हैं। इसके बाद आगे दीपेंद्र हुड्डा खड़े रहते हैं। उन्हें देखकर मोदी फिर से रुक जाते हैं। दीपेंद्र को देखकर मोदी करते हैं, 'अरे, जूनियर हुड्डा यहां खड़े हैं। क्या हाल हैं भाई' इस पर दीपेंद्र हाथ जोड़कर पीएम को नमस्कार करते हैं। मोदी फिर कहते हैं, 'कल तो काफी याद किया था आपको मैंने।' इस पर दीपेंद्र कहते हैं, 'हां जी सर किया तो था याद। मैं भी देख रहा था।' इसके बाद मोदी आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को दिल्ली में भाजपा कार्यालय का बताकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा जा रहा है कि भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा दिल्ली में कांग्रेस की हार के बाद भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने

# महान संगीतकार, गायक व संगीतज्ञ थे जगजीत सिंह : किरण चड्ढा

## जगजीत सिंह को उनकी जन्म जयंती पर गीतों द्वारा की गई श्रद्धांजलि अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय संगीतकार, गायक एवं संगीतज्ञ जगजीत सिंह जिनका जन्म 8 फरवरी 1941 को हुआ था, उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनकी याद में चाहत कराओके एकेडमी द्वारा करनाल कल्ब में एक गीतों व संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उनको गीतों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार वर्मा एवं चाहत कराओके ग्रुप टीम की मैनेजर किरण चड्ढा ने बताया कि कार्यक्रम में गायक जगजीत सिंह को गीतों द्वारा श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे प्रदेश से नामचीन गायकों ने कार्यक्रम में आकर अपनी प्रस्तुति




दी। चाहत कराओके ग्रुप टीम की मैनेजर किरण चड्ढा ने जगजीत सिंह के जन्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जगजीत सिंह का जन्म श्री गंगानगर राजस्थान में एक नामधारी सिख परिवार में हुआ था। उनका जन्म का नाम जगमोहन सिंह धीमान था। उनके पिता सरदार अमर सिंह धीमान सरकार के लोक निर्माण विभाग में एक सर्वेक्षक थे। जगजीत सिंह ने अपनी प्रारंभिक रूप शिक्षा श्री गंगानगर के खालसा हाई स्कूल और डीएवी कॉलेज जालंधर से उन्होंने कला की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने 1961 में ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के जालंधर स्टेशन पर गायन और रचना का

**प्रकाश डाला**

**कराओके एकेडमी द्वारा करनाल कल्ब में एक गीतों व संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया**

काम करके अपने पेशेवर करियर की शुरूआत की और बाद में उन्होंने हरियाणा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के लिए अध्ययन किया।
इस समय के दौरान और अपने पिता द्वारा देखी गई एक प्राकृतिक प्रतिभा के परिणामस्वरूप जगजीत सिंह ने शुरू में भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक दृष्टिबाधित गुरु पंडित छगन लाल शर्मा से और बाद में मैहर घराने के उस्ताद जमाल खान से संगीत सीखा, जिन्होंने उन्हें हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन परंपरा की सभी प्रमुख शैलियों जैसे ख्याल, ध्रुपद, ठुमरी और अन्य में सिखाया और प्रशिक्षित किया। भारतीय मध्यम वर्गीय परिवारों में सभी माता-पिता की तरह उनके पिता भी चाहते थे कि वे नौकरशाह बनें। हालाँकि, उन्होंने सिंह और उनके भाई-बहनों को संगीत सीखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। मार्च 1965 में अपने परिवार की जानकारी के बिना जगजीत सिंह बॉम्बे चले गए, जहाँ हिंदी फिल्म उद्योग की वजह से संगीत कलाकारों के लिए कई अवसर थे।

# डबल इंजन की सरकार तेज गति से करेगी विकास कार्य : योगेंद्र राणा

**आभार**

**ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने हलके के गांव बबंरहेडी में आयोजित अभिनंदन समारोह में ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया। इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों ने विधायक योगेंद्र राणा का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया विधायक योगेंद्र राणा ने सभी उपस्थितिजनों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनावों में हुई भाजपा की जीत की भी सभी उपस्थित जनसमूह को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। प्रत्येक बूथ पर अथक परिश्रम करने वाले भाजपा के हमारे कार्यकताओं और प्रदेश नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। आप-दा सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थी। विधायक ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भलीभांति परिचित हूं, जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा चुनाव में हुई यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है।

# छात्रों ने सीनियर को विद्यालय की तरफ से उपहार भेंट किए




**टीम क्शन इंडिया**

**गन्नौर। चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में विदाई स**मारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी ।
विद्यालय के निदेशक अजय यादव, प्रधानाचार्या निधि जैन ने छात्रों के साथ मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया शुभारंभ किया ' तत्पश्चात कक्षा 9वी के छात्र तथा छात्राओं ने नृत्य, गायन, भाषण, नाटक आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए ' सभी कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से कुछ उपहार भी भेंट किए गए ' प्रधानाचार्य ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनकी आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी ' निदेशक अजय यादव ने कहा कि यह सफर आपका अंतिम सफर नहीं है बल्कि आप नई शुरूआत के लिए कदम बढ़ाने जा रहे हैं, मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ है।
उज्जवल भविष्य की कामना करते सफलता के गुर सिखाए। इन्होंने बताया कि मन लगाकर पढ़ाई करने एवं परीक्षा में समय उपस्थित होकर अपने पूरे ज्ञान का उपयोग करने से आपके प्रतिभा का मूल्यांकन होगा. सभी विद्यालय परिवार इस पल का हमेशा याद रखेंगे। बच्चों के द्वारा छोड़े गए छाप एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को दिए गए ज्ञान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

**शुभकामनाएं**

**यह सफर आपका अंतिम सफर नहीं है बल्कि आप नई शुरूआत के लिए कदम बढ़ाने जा रहे हैं**

# जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**विदाई दी**

**11वीं के छात्रों ने 12वीं विज्ञान व वाणिज्य और कलासंकाय वर्ग के छात्रों को विदाई दी**




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।
जिसमें11वीं के छात्रों ने 12वीं विज्ञान व वाणिज्य और कलासंकाय वर्ग के छात्रों को विदाई दी। मिस फेयरवेल का खिताब पूर्ति और मास्टर फेयरवेल पारस ने हासिल किया। इसके साथ ही पंकज और यस पहल को स्पोर्ट्स स्टार घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 12वीं वर्ग के बच्चों ने वैदिक हवन करके किया। टाईटल सेरेमनी सभी को बहुत ही आकर्षक लगी। स्कूल प्राचार्य सुनील शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में सफल हो, अच्छे इंसान बने और अपने आप को शिष्टाचार में रखते हुए अपने मुकाम को हासिल करे। आप अपने उच्च पद को प्राप्त करें। स्कूल के पूर्व प्राचार्य चंद्रप्रकाश कंबोज भी विद्यार्थियों को अपना आशिर्वाद देने विदाई समारोह में शामिल हुए और विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में कहा कि इस समय भविष्य खुले असमान की तरह होता हैं ,आप अपने आप को किसी भी तरह अपने आप को मोड़ सकते है और अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# संत आशाराम द्वारा प्रेरित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में माता-पिता के आँखों से छलके प्रेमाश्रु

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**डाडोला** गांव स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में सामूहिक मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम मनाया गया । जिसमें पानीपत व आसपास के जिलों से सैकड़ो बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संत आशाराम ने मातृ-पितृ पूजन दिवस का शुभारंभ किया था। उन्हीं की प्रेरणा से आज यह कार्यक्रम आश्रम में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रवक्ता देवेंद्र दत्ता उपस्थित रहे। उनके साथ आर. एस. एस. के सदस्य तथा हरियाणा गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कंसल और प्रदेश महामंत्री अखिल भारत हिंदू महासभा के सनातनी हिंदू अमरदीप राजवंश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन प्रमुखों ने सनातन पर जोर देते हुए निर्दोष संत आशाराम द्वारा प्रारंभ किए गए। मातृ-पितृ पूजन दिवस की सराहना की और कहा कि आशाराम ने धर्मांतरण को रोका था, सनातन संस्कृति का प्रचार किया था इसलिए उन्हें झूठे केस में फंसा दिया गया है।

# बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हरआईजोन केयर का अनावरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत के एक प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज केयर की घोषणा की है, यह सोच-समझकर बनाया गया एक समावेशी हेल्थ इंश्योरेंस प्रॉडक्ट है, जो विशेष रूप से महिलाओं की बदलती हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करता है. यह कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी गंभीर बीमारियों, मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य, वेलनेस आदि का ध्यान रखती है, जो महिलाओं को उनके जीवन के सभी चरणों में फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करती है. केयर भारत का पहला हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जो एक ही पॉलिसी में कई विशेष कवर प्रदान करता है, यह महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है.
केयर दो कॉम्प्रिहेंसिव कवर प्रदान करता है: विशिष्ट हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक कवर के साथ वीटा शील्ड और क्रैडल केयर.
वीटा शील्ड के तहत, क्रिटिकल इलनेस कवर 34 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें सामान्य और महिला-विशिष्ट दोनों तरह की बीमारियां शामिल हैं.
इसके अलावा, पॉलिसीधारकों को अधिक सपोर्ट करने के लिए इस कवर को वैकल्पिक एक्सटेंशन के साथ बढ़ाया जा सकता है।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर की स्पीकर कल्याण से मुलाकात

**मंथन**

**बैठक में उनके साथ हरियाणा में आगामी मेयर चुनाव समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पूर्व सीएम एवं कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार देर शाम हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के फार्म हाउस पर एक घंटे तक बैठक की। बैठक में उनके साथ हरियाणा में आगामी मेयर चुनाव समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।
बैठक के बाद पूर्व सीएम दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने अमेरिका से निकाले गए युवाओं के सवाल पर इसे अमेरिकी सरकार का फैसला बताया। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे तरक्की करें और मेहनत करें, लेकिन सही रास्ता चुनें। आगामी बजट सत्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि मार्च में बजट सत्र शुरू होगा और इसके लिए विधानसभा पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव पर खुशी जताई और दिल्ली की जनता के जनादेश को पीएम नरेंद्र मोदी की व्यवस्था सुधार की नीतियों का असर बताया।
अमेरिका से भारतीयों को बेड़ियों में जकडकर निकाले जाने के सवाल पर कल्याण ने कहा कि अमेरिका ने एक फैसला लिया है और उसी फैसले के तहत भारतीयों को भारत भेजा गया है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी तरक्की के लिए एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं, लेकिन यह सही और कानूनी तरीके से होना चाहिए और जिस व्यवस्था के तहत बच्चे अमेरिका या दूसरे देशों में गए हैं, वह कहीं न कहीं गैर-कानूनी तरीका है। इससे न केवल उन बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगता है, बल्कि मां-बाप अपने बच्चों के लिए जो व्यवस्था करते हैं और जो खर्च करते हैं उसमें भी परिवारों को बहुत बड़ा नुकसान होता है। समाज से भी अपील है कि तरक्की करें, मेहनत करें, लेकिन लीगल रास्ते से आगे बढ़ें। कोई भी ऐसा काम न करें, जिसमें कानूनी रूप से कभी कोई दिक्कत आए। खबरों के माध्यम से भी सामने आया है कि पहले भी सरकार ने इस मामले को लेकर सख्त स्टैंड लिया था और आने वाले दिनों में भी इस विषय पर सरकार काम करेगी।
हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। लोगों ने भारी जनादेश दिया है और दिल्ली की जनता का यह जनादेश कहीं न कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यवस्था सुधार नीति पर अपनी मुहर लगाने का काम करता है। नगर निगम चुनाव के सवाल पर कल्याण ने कहा कि हरियाणा में नगर निगम चुनाव की घोषणा हो चुकी है।

# सरकार सुविधाओं के विस्तार के प्रति गंभीर: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वर्तमान सरकार आमजन को मुहैया करवाई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के विस्तार व रख रखाव के प्रति गंभीर है। शहर वासियों को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। वें रविवार को स्थानीय करनाल क्लब में सिटीजन ग्रीवैंसज कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल मे वर्तमान सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति पर कार्य करते हुए करनाल विधानसभा के




क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है और करनाल शहर की तस्वीर बदली है। आमजन भी इस विकास से भलीभांति परीचित है। उन्होंने कहा कि मैं भी करनाल का बेटा हूं, शहर की भौगोलिक परिस्थिति से बेहतर परिचित हूं और शहर में विकास की हर सम्भावना पर कार्य करने के लिए प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सडकों को जाममुक्त बनाने के लिए दर्जनों स्लीप वे बनाए गए हैं और सडकों का बेहतर सुद्दढीकरण हुआ है। सौंदर्यकरण की दृष्टि से भी करनाल की सडकें बेहतर हुई हैं तथा पार्को के रख रखाव व नए पार्को के निर्माण से आमजन को सीधा लाभ मिला है। सीवरेज सिस्टम में सुधार किया गया है व पेयजल सुविधाओं में भी विस्तार हुआ है। शहर के बीचोंबीच निमार्णाधीन फ्लाईओवर से आमजन को यातायात की दृष्टि से एक बड़ी सुविधा मिलेगी और शहर करनाल इससे जाम मुक्त होगा।
सीजीसी सदस्यों के साथ बैठक के दौरान विधायक ने यह भी कहा कि करनाल शहर को बेहतर बनाने के दृष्टिगत प्राप्त हो रहे प्रत्येक सुझाव का स्वागत है। ऐसे हर सुझाव पर अवश्य कार्य पूरा किया जाएगा, जिससे आमजन का फायदा हो। उन्होंने कहा कि यह जनहित की सरकार है। जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्यो को आगें बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीजीसी भी पिछले कई वर्षो से आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए कार्य कर रही है। शहर को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि तथा आमजन का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में साथ एवं सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

**चर्चा**

**शहर वासियों को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी**

# साईस एवं गणित प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह में साईस एवं गणित का आयोजन अध्यापिका अमिता, प्रीति एवं दीपिका द्वावारा करवाया गया । विद्यालय की मुख्याध्यापिका संतोष खटक द्वारा मेले का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने साईस और गणित से संबंधित अनेक गतिविधियाँ करके दिखाई जैसे क्लाईडोस्कोप, मंड टेस्ट, अग्निशामक यंत्र, मृदा अपरदन रोकथाम मॉडल, सूचीचिद्र कैमरा, चतुर्भुज, वर्ग एवं वर्गमूल, परिमाप, एवं क्षेत्रफल आदि । इस आयोजन में जज के तौर पर मोनिका (ए. बी. आर. सी.) को बुलाया गया।



मोनिका ने बच्चों को बताया की छात्र-छात्राएं गणित और साइंस के विषय को महत्व से समझना चाहिए।
इनके पढ़ने के बाद छात्र व छात्राएं अपने भविष्य में कुछ करने के लिए इन दोनों सब्जेक्टों का अध्ययन करना बहुत जरूरी है इस मौके पर माता-पिता बच्चों के साथ सभी सदस्य भी इस दौरान उपस्थित रहे।

# महेंद्रगढ़ क्षेत्र के चार राजकीय स्कूल सुंदरीकरण में अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत शिक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र के चार विद्यालय ने स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा विभाग की ओर से विशेष बजट दिया जाता है। इस बजट से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। राजकीय उच्च विद्यालय बारडा के मुख्य अध्यापक ताजबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक स्कूल में कार्य भार संभालते ही एक ही लक्ष्य होता है कि स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई हो।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष पैकेज के रूप में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की नई पेशकश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः आईडीएफसी फर्स्ट** बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अनूठी बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला लॉन्च की है। इन सेवाओं में सीनियर सिटीजन सेविंग्स अकाउंट और सीनियर सिटीजन फिक्स्ड डिपॉजिट्स शामिल हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। इस प्रोग्राम के तहत, बैंक ने अपनी मोबाइल बैंकिंग ऐप पर 'सीनियर सिटीजन स्पेशल्स' नाम का एक विशेष फीचर जोड़ा है। यह फीचर वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाजनक और अनुकूलित सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे उनके बैंकिंग अनुभव को और सरल और प्रभावी बनाया जा सके।

1. वरिष्ठ नागरिकों के जीवन-चरण पर आधारित आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षित, संरक्षित और अनुकूलित निवेश समाधान।
2. फिक्स्ड डिपॉजिट पर 0.5% अतिरिक्त ब्याज दर।
3. समय से पहले फिक्स्ड डिपॉजिट को तोड़ने पर कोई पेनल्टी नहीं।
4. वरिष्ठ नागरिकों को साइबर खतरों से बचाने के लिए 2 लाख रुपए का साइबर इंश्योरेंस कवरेज। एक साल की निःशुल्क मेडीबडी हेल्थ मेंबरशिप, जिसमें परिवार के अधिकतम 4 सदस्यों के लिए असीमित डॉक्टर वीडियो कंसल्टेशन शामिल है।
6. नेटवर्क फामेर्सी में 15% तक की छूट, 50 से अधिक पैरामीटर कवर करने वाला फुल बॉडी हेल्थ चेकअप और 500 रुपए का वॉलेट बैलेंस।
7. मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से सरल म्युचुअल फंड निवेश अनुभव, जो नवाचार और अनुसंधान से समर्थित है।

म्युचुअल फंड ऑफर्स सुरक्षित हैं और वरिष्ठ नागरिक इन्हें अपनी जोखिम-इनाम प्राथमिकताओं के अनुसार संशोधित कर सकते हैं।
वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक की पेशकश पर बात करते हुए, श्री चिन्मय धोबले,
कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज और ब्रांच बैंकिंग, ने कहा, "हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को खास महसूस कराना चाहते हैं और इसी सोच के साथ, उनके लिए नई और उपयोगी सेवाएँ लेकर आए हैं।

## संपादकीय

# लिंग-भेदभाव को रोकना जरूरी

**बेटी बचाओ,** बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है। 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य लिंग-भेदभाव को रोकना, बालिकाओं को जीवित रखना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना था। भले ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने लिंग भेदभाव के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता पैदा की है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण यह अपने मुख्य लक्ष्य से भटकता नजर आता है जबकि यह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भारत में युवा लड़कियों को अपने जीवन भर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है और बेटे को प्राथमिकता देने और प्रतिगामी सत्ता संरचनाओं जैसे पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप आर्थिक अवसरों को खोना पड़ता है जो उनके अस्तित्व और शिक्षा में बाधा डालते हैं।बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ.वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है।

हरियाणा में एक कहावत है, "बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?" हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से "बेटियों की कमी" से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं। 1994 के गभार्धान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दशार्ता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आम तौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं।

# गिग वर्कर्स को पेंशन: एक बड़ी और नायाब पहल !

सुनील कुमार महला,

> "रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि अब सरकार गिग वर्कर्स को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा भी देने जा रही है, जो ऐसे वर्कर्स के लिए एक वरदान साबित होगा। यह काबिले-तारीफ है कि सरकार के इस कदम से स्ट्रीट वेंडर्स और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले, ऐमजॉन, फ्लिपकार्ट, ई-कामर्स कंपनियां,जोमैटो,स्विगी, ओला, उबर जैसे ऑनलाइन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े श्रमिकों(गिग वर्कर्स) को विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिल सकेगी।
> पाठकों को बताता चलूं कि इस पेंशन योजना के तहत श्रमिकों को सेवानिवृत्ति के समय दो विकल्प दिए जा सकते हैं, जब उनकी पेंशन तय हो जाएगी। वे जमा पर ब्याज को पेंशन के रूप में निकाल सकते हैं या संचित धन को निर्धारित अवधि के लिए बराबर किस्तों में विभाजित कर सकते हैं"

**भारत** सरकार 'गिग वर्कर्स' को एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से आय अर्जित करता है।दरअसल, देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स( असंगठित क्षेत्र के मजदूरों) के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा ईपीएफओ पेंशन स्कीम पर काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब बिना नौकरी, बिना वेतन या रोजाना सैलरी के केवल काम या ट्रांजैक्शन के आधार पर भुगतान पाने वाले डिलीवरी ब्वॉय, कूरियर ब्वॉय समेत देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स को अब पेंशन का फायदा मिलेगा। इसके लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वास्तव में, इन गिग वर्कर्स को पेंशन की यह सुविधा उनके ट्रांजेक्शन के साथ लिंक होगी। मतलब यह कि वे कितना काम करते हैं या डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कितनी जगहों पर सामान पहुंचाते हैं, इसके आधार पर ही उनके पेंशन के लिए योगदान की गणना होगी।जानकारी देना चाहूंगा कि ये गिग वर्कर्स ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाएं दे रही एग्रीगेटर कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक इन वर्कर्स के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध नहीं था, लेकिन अब इन गिग वर्कर्स को पेंशन देने के लिए एग्रीगेटर कंपनियों से मिनिमम कॉन्ट्रीब्यूशन लिया जाएगा। इसके लिए उनके हर बिलिंग लेन-देन से दो या तीन प्रतिशत राशि पेंशन अंशदान के लिए इकट्ठा की जाएगी। जानकारी के अनुसार उन्हें (गिग वर्कर्स को) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर जारी किये जाएंगे। इसमें गिग वर्कर दो-तीन एग्रीगेटर कंपनियों के लिए किए काम करते हुए एक ही खाते में सबका पेंशन प्राप्त कर सकेगा। वास्तव में गिर वर्कर्स स्थाई कर्मचारी नहीं होते हैं और अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए इन्हें एक से ज्यादा ऑनलाइन प्लटेफॉर्म पर काम करना पड़ता है।ऐसे में सभी कंपनियों की बिलिंग में पेंशन अंशदान काटा जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण करने की सुविधा




**अब बिना नौकरी, बिना वेतन या रोजाना सैलरी के केवल काम या ट्रांजैक्शन के आधार पर भुगतान पाने वाले डिलीवरी ब्वॉय, कूरियर ब्वॉय समेत देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स को अब पेंशन का फायदा मिलेगा। इसके लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वास्तव में, इन गिग वर्कर्स को पेंशन की यह सुविधा उनके ट्रांजेक्शन के साथ लिंक होगी**

देने के साथ ही उन्हें पहचान पत्र देने की भी घोषणा की थी, सरकार का यह कदम काबिले-तारीफ है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर्स और दिहाड़ी मजदूर में अंतर होता है। गिग वर्कर्स की बात करें तो उनके मामले में किसी सेवा और प्रोडक्ट की बिक्री ई-पेमेंट के जरिए होती है। ई-पेमेंट होने के कारण किसी ट्रांजेक्शन को छिपाया नहीं जा सकता है। वहीं दिहाड़ी मजदूर और प्रवासी को उनका पारिश्रमिक नकद या कैश के रूप में मिलता है। दिहाड़ी मजदूरों के सामने एक समस्या यह है कि उन्हें काम के लिए कभी कहीं तो कभी कहीं जाना पड़ता है। मसलन कभी कोई दिहाड़ी मजदूर निर्माण करता है तो कभी वह खेती में दिहाड़ी करता है तो कभी कल-कारखानों या कहीं अन्य स्थानों पर काम करता है। वास्तव में इन करोड़ों दिहाड़ी कामगारों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं है, क्यों कि इन्हें काम पाने के लिए इधर से उधर भटकना पड़ता है। वास्तव में यह बात कही जा सकती है कि आज हमारे देश में कैश पर काम करने वाले इन दिहाड़ी मजदूरों/कामगारों को कोई सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे मजदूर अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा जैसे राज्यों से आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि अब सरकार गिग वर्कर्स को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा भी देने जा रही है, जो ऐसे वर्कर्स के लिए एक वरदान साबित होगा। यह काबिले-तारीफ है कि सरकार के इस कदम से स्ट्रीट वेंडर्स और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले, ऐमजॉन, फ्लिपकार्ट, ई-कामर्स कंपनियां,जोमैटो,स्विगी, ओला, उबर जैसे ऑनलाइन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े श्रमिकों(गिग वर्कर्स) को विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिल सकेगी।

पाठकों को बताता चलूं कि इस पेंशन योजना के तहत श्रमिकों को सेवानिवृत्ति के समय दो विकल्प दिए जा सकते हैं, जब उनकी पेंशन तय हो जाएगी। वे जमा पर ब्याज को पेंशन के रूप में निकाल सकते हैं या संचित धन को निर्धारित अवधि के लिए बराबर किस्तों में विभाजित कर सकते हैं।हालांकि, यह बात अलग है कि सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए योगदान की जाने वाली राशि अभी तय नहीं की गई है। गिग श्रमिक एक साथ दो या अधिक प्लेटफॉर्म के लिए काम कर सकते हैं। कितनी अच्छी बात है कि गिग एंड प्लेटफॉर्म लेबर एक्ट आ जाने के बाद इन श्रमिकों को कई तरह के लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे।मसलन, उनको काम करने के बदले सुरक्षा की गारंटी होगी, दुर्घटना बीमा का लाभ भी उनके परिजनों को मिल सकेगा। इतना ही नहीं इन श्रमिकों के काम करने के घंटे भी अब तय होंगे। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि कि गिग वर्कर में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले ज्यादातर श्रमिक स्वतंत्र रूप से ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी होते हैं। आज हमारे देश भारत में इन दिनों इस क्षेत्र में लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वास्तव में गिग इकॉनमी में आज घातीय वृद्धि हुई है, क्यों कि आज का युग डिजिटल युग है।

यहां यदि हम गिग इकॉनमी की बात करें तो 'यह एक मुक्त बाजार प्रणाली है जिसमें पारंपरिक पूर्णकालिक रोजगार की बजाय अस्थायी रोजगार का प्रचलन होता है और संगठन अल्पकालिक अनुबंधों के लिये स्वतंत्र श्रमिकों के साथ अनुबंध करते हैं।'कहना गलत नहीं होगा कि आज के इस डिजिटल युग में किसी वर्कर्स को एक निश्चित स्थान पर बैठने की आवश्यकता नहीं है और काम कहीं से भी किया जा सकता है, इसलिये नियोक्ता किसी परियोजना के लिये उपलब्ध सर्वोत्तम प्रतिभा का चयन स्थान से परे कार्य कर सकते हैं।भारत जैसे देश में गिग इकॉनमी भारत के अनौपचारिक श्रम का विस्तार है, जो लंबे समय से प्रचलित है और अनियंत्रित बनी हुई है।कोविड-19 महामारी के कारण ह्यगिग वर्कर्सह्न की मांग में तेजी देखने को मिली। बहरहाल, अब इन गिग वर्कर्स को ईपीएफओ पेंशन दायरे में लाने का फैसला सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी व नायाब पहल है,जिसका लाभ इन सभी कामगारों और इनके परिवारों को होगा।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# घर छोड़ के मत जाओ कही घर न मिलेगा

**तनवीर जाफरी**

**अपने व अ**पने परिवार के लिये जीविकोपार्जन की तलाश में बाहर निकलना अथवा अप्रवासी बनना प्रकृति का बनाया एक ऐसा चक्र है जिससे पृथ्वी का शायद कोई भी प्राणी अछूता नहीं। रोजी रोटी की तलाश में सभी प्राणियों को अपने अपने घरों से निकलकर बाहर जाना ही होता है। चूँकि प्रकृति ने मानव को अतिरिक्त सोच बुद्धि व योग्यता से नवाजा है इसलिये वह अपने अप्रवासन का रास्ता अपनी आर्थिक हैसियत,अपनी भविष्य की मनोकमनायें,कमाई का स्तर सुविधाजनक राज्य,देश व ठिकाने आदि बहुत कुछ देखकर तय करता है। गत पांच दशकों से अमेरिका,कनाडा व ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भारत के अप्रवासियों के लिये आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। रोजगार के अतिरिक्त भारतीय मुद्रा के मुकाबले डॉलर्स की कीमतों में भारी अंतर,सुरक्षित,साफ सुथरा,वातावरण,शुद्धता,ईमानदारी,भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण,सामाजिक सुरक्षा,बच्चों की शिक्षा व बुजुर्गों की सुरक्षा जैसी अनेक बातें भारतीयों को इन देशों में आने के लिये आकर्षित करती हैं। अप्रवासन करने वालों में एक वर्ग जो उच्च शिक्षा प्राप्त वैज्ञानिक,शोधार्थी,इंजीनियर्स,डॉक्टर्स,स्पेस वैज्ञानिक आदि जैसे क्षेत्रों से जुड़ा होता है। ऐसे प्रतिभाशाली लोगों के लिये तो लगभग पूरी दुनिया के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। दूसरा वर्ग शिक्षा हासिल करने की गरज से या शिक्षा हासिल करने के बहाने इन देशों में जाता है और वहीं का होकर रह जाता है। और तीसरा वर्ग पैसों के बल पर इन देशों में जाना चाहता है। और यही वर्ग आसानी से विदेश भेजने वाले एजेंटों के जाल में फंसकर कबूतरबाजी या डंकी रुट का शिकार हो जाता है। ऐसे कई लोग जहाँ संपन्न परिवारों के होते हैं वहीं अनेक ऐसे भी होते हैं जिन्होंने अपने घर का सोना,जमीन आदि बेचकर या गिरवी रखकर एजेंटों को मुंह मांगी रकम दी होती है। यहां उस वर्ग का उल्लेख करना भी बेहद जरूरी है जो सत्ता में या तो शीर्ष पदों पर है या जिसके ऊँचे रसूख हैं या फिर उच्चाधिकारी वर्ग यहाँ तक कि वह वर्ग भी जोकि देश के युवाओं को "मेक इन इण्डिया " और रोजगार मांगो मत बल्कि रोजगार दो,यहाँ तक कि शिक्षित लोगों के पकोड़ा बेचने को भी रोजगार मानता है ऐसे अनेक लोगों के बच्चे या तो विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं या फिर वहां बड़े व्यवसाय कर रहे हैं। कई 'राष्ट्रभक्त महामनवों ' की संतानें तो विदेशी नागरिकता तक लिये बैठी हैं। बहरहाल, अतिवाद की ओर तेजी से बढ़ते विश्व में अमेरिका ने एक बार फिर अतिविवादित व्यक्ति डोनाल्ड ट्रंप को अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। उनके आलोचक ट्रम्प को एक नस्लवादी, कट्टरपंथी तथा एक स्त्री-द्वेषी और एक विदूषक के रूप में देखते हैं। सच पूछिये तो ऐसे व्यक्ति का पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बनने का विचार ही शांतिप्रिय दुनिया के लिये चिंता पैदा करने तथा दुनिया की नींद हराम करने के लिए पर्याप्त है।

## विचार

# परीक्षा एक अवसर है बोझ नहीं

**बलदेव राज भारतीय**

**बसंत ऋतु का आगमन न केवल** प्रकृति में नवजीवन लाता है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय भी साथ लाता है। यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा में ही होता है। ऐसे में बहुत से छात्र इस समय दबाव महसूस करने लगते हैं और तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनका ध्यान भटकने लगता है और वे यह तय नहीं कर पाते कि किस विषय को प्राथमिकता दें और किसे बाद में पढ़ें। ऐसे में सही रणनीति और एकाग्रता के साथ अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। परीक्षा की तैयारी में कई बाधाएँ आती हैं, जिनमें प्रमुख है ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई। परीक्षा के दिनों में छात्रों को एक ही टॉपिक पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। जब वे एक टॉपिक को पढ़ते हैं, तो अचानक उनका ध्यान किसी अन्य टॉपिक की ओर चला जाता है और वे यह सोचकर ही घबरा जाते हैं कि उस टॉपिक के विषय में तो उन्होंने पढ़ा ही नहीं। उसकी तो उन्होंने तैयारी की ही नहीं। छात्रों को यह भी समझ नहीं आता कि परीक्षा के लिए कौन-से टॉपिक अधिक महत्वपूर्ण हैं। वे पूरे सिलेबस को कवर करने का प्रयास करते हैं, जिससे पढ़ाई का दबाव बढ़ जाता है। छात्रों में एक बड़ी कमी यह पाई जाती है कि वे अध्ययन के लिए समय सारणी नहीं बनाते। यदि बना भी लें तो उसका अनुपालन सही ढंग से नहीं किया जाता। सही समय पर सही ढंग से अध्ययन न करने के कारण परीक्षा नजदीक आने पर छात्रों को घबराहट होती है। अगर उन्होंने पहले से समय का सही विभाजन नहीं किया होता, तो उन्हें सब कुछ जल्दी-जल्दी याद करने की कोशिश करनी पड़ती है। अगर विद्यार्थी को लगता है कि उसकी तैयारी पूरी नहीं हुई है या वह अन्य छात्रों से पीछे है, तो वह निराश हो जाता है। यह नकारात्मक सोच उसके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। यह उसके मन मस्तिष्क में विचलन पैदा करती है। जिससे वह सही ढंग से विषयों की तैयारी करने में बाधित होता है। परीक्षा की प्रभावी तैयारी के लिए छात्रों को कुशल रणनीति बनानी चाहिए। जिसके लिए उन्हें सबसे पहले एक सुव्यवस्थित योजना बनानी चाहिए, ताकि वे अपनी पढ़ाई को सही तरीके से पूरा कर सकें। सर्वप्रथम उन्हें विषयों की सूची बनानी चाहिए और उसे अध्यायवार विभाजित करना चाहिए। कठिन टॉपिक्स को पहले पढ़ें और आसान टॉपिक्स को बाद में। प्रत्येक टॉपिक के लिए एक समय सीमा तय करें। दोहराने के लिए अलग से समय निर्धारित करें। हर विषय के महत्वपूर्ण टॉपिक को चिन्हित करें और पहले उन्हें पूरा करें। परीक्षा में अक्सर उन्हीं टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाते हैं, जो अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना बहुत सहायक हो सकता है। यह देखने में आया है कि वार्षिक परीक्षाओं में अधिकतर प्रश्न पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों से आ जाते हैं। समय का सही उपयोग करना परीक्षा की सफलता की कुंजी है। एक दिन में 8 से 9 घंटे पढ़ाई करें, लेकिन बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लें। दोहराई के लिए सुबह के समय को प्राथमिकता दें, क्योंकि यह समय स्मरण शक्ति के लिए सबसे अच्छा होता है। अपनी सोच को सकारात्मक रखें और स्वयं को बार-बार याद दिलाएं कि परीक्षा कोई डरने की चीज नहीं है। किसी से भी अपनी तुलना न करें। प्रत्येक छात्र की क्षमता अलग-अलग होती है। गहरी साँस लेने, ध्यान (मेडिटेशन) और हल्के व्यायाम से मन को शांत रखें। पढ़ाई के बीच में मन पसंदीदा गतिविधियों (जैसे संगीत सुनना, टहलना, चित्र बनाना) के लिए थोड़ा थोड़ा समय निकालें। लिखकर याद करना हमेशा अधिक प्रभावी होता है। हर विषय के प्रमुख बिंदुओं का संक्षिप्त नोट्स तैयार करें। मॉक टेस्ट से अभ्यास करें और समय सीमा के अंदर प्रश्न हल करने का प्रयास करें। उत्तर लिखने की गति बढ़ाने के लिए नियमित रूप से लिखने का अभ्यास करें। कभी-कभी समूह में पढ़ाई करना फायदेमंद होता है। अगर कोई टॉपिक समझ में नहीं आ रहा है, तो मित्रों के साथ उसे समझने का प्रयास करें। समूह अध्ययन से कठिन विषय भी आसानी से समझ आ जाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# यूएसए की तरह भारत भी अवैध घुसपैठियों पर करे सख्ती

**आशीष राजपूत**

**डोनाल्ड ट्रंप** के राष्ट्रपति बनते ही अमेरिका में अवैध प्रवासियों के निर्वासन का आदेश जारी हुआ, जिसने भारत में भी एक व्यापक बहस को जन्म दे दिया। अवैध प्रवासियों की समस्या केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत भी लंबे समय से इस संकट का सामना कर रहा है। देश में लाखों की संख्या में विभिन्न देशों से अवैध प्रवासी बसे हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और म्यांमार के रोहिंग्या शामिल हैं। सत्तर के दशक में, बांग्लादेश में पाकिस्तानी अत्याचारों के चलते बड़े पैमाने पर पलायन हुआ, जिसके कारण भारत को अपनी सीमाएं खोलनी पड़ीं। हालांकि स्थिति में सुधार होने के बावजूद, बांग्लादेश से घुसपैठ की समस्या बनी रही। इसी तरह, म्यांमार में उत्पन्न हालातों के कारण रोहिंग्या शरणार्थियों का भारत में आगमन हुआ। वर्तमान में, एक संगठित तंत्र विकसित हो चुका है, जो इन अवैध प्रवासियों के फर्जी पहचान पत्र तैयार करवाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवा रहा है। बंगाल से लेकर दिल्ली और जम्मू तक रोहिंग्या बस्तियों को आसानी से देखा जा सकता है, और महानगरों में इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकार के पास इन अवैध प्रवासियों की सही संख्या को लेकर आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं, लेकिन स्वतंत्र एजेंसियों के अनुमान के अनुसार इनकी संख्या 30 लाख से 2 करोड़ तक हो सकती है। इस बढ़ती आबादी से न केवल भारत के संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक टकराव भी गहराते जा रहे हैं। इसके अलावा, अपराध दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके चलते अवैध प्रवासियों को वापस उनके देशों में भेजने की मांग तेज हो रही है। भारत, अपनी प्राचीन परंपराओं और मानवतावादी विचारों के तहत हमेशा से शरणार्थियों को स्वीकार करता आया है। वर्तमान सरकार ने नागरिकता कानून में संशोधन कर पड़ोसी मुस्लिम देशों से गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया है। लेकिन अवैध घुसपैठ की समस्या एक अलग मुद्दा है, जो भारत की आंतरिक सुरक्षा और संसाधनों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

# खिचड़ी की महिमा

**डॉ. सुरेश कुमार प्त**

**सर्दी की एक** ठंडी सुबह थी, जब मयंक ने अपनी खिड़की खोली। ठंड की लहरों ने उसे बधाई दी, जैसे कोई पुराने दोस्त से मिलने आया हो। बाहर बर्फ की चादर सी बिछी हुई थी, और चारों ओर बस एक ही धुन गूंज रही थी–"खिचड़ी, खिचड़ी, खिचड़ी!" हाँ, यही तो था सर्दी का असली उत्सव। ठंड के मौसम में खिचड़ी एक ऐसा अनिवार्य अनुष्ठान बन चुका था कि अगर किसी ने खिचड़ी नहीं बनाई, तो पड़ोसियों के बीच उसकी छवि एक कुपित दानव जैसी हो जाती थी। मयंक की पत्नी, दीप्ति, ने सोचा कि इस साल कुछ खास करना चाहिए। उसने फैसला किया कि वह "खिचड़ी महोत्सव" का आयोजन करेगी। उसने अपने सभी दोस्तों और पड़ोसियों को निमंत्रण भेजा। संदेश में लिखा था, "आओ और खिचड़ी का जश्न मनाओ, ठंड में गर्मी का एहसास पाओ!" यह विचार सुनकर लोग हंस पड़े। "क्या? खिचड़ी का उत्सव? क्या यह किसी प्रकार का मजाक है?" लेकिन दीप्ति ने हिम्मत नहीं हारी। वह अपने रसोईघर में गई, और खिचड़ी बनाने की तैयारी करने लगी। उसे लगा कि अगर वह खिचड़ी में थोड़ा जादू डाल दे, तो यह अपने आप में एक कुकिंग शो बन जाएगा। उसने किचन में घुसते ही हर तरह की सामग्री इकट्ठा कर ली। चावल, दाल, सब्जियाँ–सब कुछ एक झूले पर लटकता हुआ था, जैसे कोई आदिवासी नृत्य। जैसे-जैसे महोत्सव का दिन नजदीक आता गया, मयंक के मन में एक नया डर समाने लगा। "क्या ये लोग मेरी पत्नी की खिचड़ी को पसंद करेंगे? या फिर हमें यहीं पर सबके सामने शर्मिंदा होना पड़ेगा?" उसने खुद से पूछा। लेकिन दीप्ति ने आत्मविश्वास से कहा, "मैंने ये सब खासतौर पर बनाया है, तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।" और फिर वह दिन आया। खिचड़ी महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। दीप्ति ने जब खिचड़ी पकाई, तो उसके चारों ओर भाप उठ रही थी, और लोगों को उसकी खुशबू ने घेर लिया। पड़ोसियों ने आना शुरू किया। हर किसी ने गहरे कोट पहन रखे थे और हाथों में चाय के कप थे। जब सब लोग एकत्र हुए, तो दीप्ति ने खिचड़ी का पहला कटोरा निकाला। सभी ने बड़ी उत्सुकता से उसे देखने लगे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला पुलिस की एंटी बगलरी टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ब्लडी बाईपास, इंद्री रोड, करनाल से नाकाबंदी करके दो आरोपियों संदीप सिंह पुत्र रामलाल निवासी गांव पुंडरक करनाल और हरप्रीत सिंह पुत्र भगवंत सिंह निवासी विकास नगर, करनाल को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही जितेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान जांच में आरोपियों द्वारा जल्दी व ज्यादा पैसे कमाने के लालच में चोरी की थी। आरोपियों के कब्जे से एक वेगनार कार, एक लैपटॉप, जमीनी कागज और 3000 रुपए नगद बरामद किए गए। आज आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी के सभी 9 वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी 2025 से शुरू होगी

**गाजियाबाद।** महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी अपनी विश्वस्तरीय खूबियों के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रही हैं, जो भारत के लिए #अनलिमिट इंडिया गौरव का क्षण बन गया है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, महिंद्रा ने एक्सईवी 9ई और बीई 6 के सभी वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी 2025, सुबह 9 बजे से खोलने की घोषणा की है। मांग को पूरा करने के लिए एक संरचित उत्पादन विस्तार योजना लागू की जा रही है, जिसमें प्रत्येक वेरिएंट की




डिलीवरी समय-सीमा साझा की गई है। महिंद्रा बीई 6 (पैक वन) इस वेरिएंट में 59 'हैं का बैटरी पैक दिया गया है, जो बेस्ट इन क्लास 170 किलोवॉट की पावर जनरेट करेगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 18.90 लाख रुपए है. कंपनी ने बताया कि इसकी डिलिवरी अगस्त 2025 से शुरू होगी। महिंद्रा बीई 6 (पैक वन अबोवे) इस वेरिएंट में 59 'हैं का बैटरी पैक मिलता है। जिसकी पावर 170 किलोवॉट है। 19 इंच के एलॉय व्हील्स मिलते हैं। टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम समेत कई सारे फीचर्स मिलते हैं। इसकी कीमत 20.50 लाख रुपए है और इसकी डिलिवरी अगस्त 2025 से होगी। महिंद्रा बीई 6 (पैक टू) इस वेरिएंट में 59 'हैं का बैटरी पैक मिलता है। इसमें लेवल-2 अडास, एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल समेत कई सारे फीचर्स मिलते हैं। इसकी कीमत 21.90 लाख रुपए है। इसकी डिलिवरी जुलाई 2025 से शुरू होगी। महिंद्रा एक्सईवी 9ई (पैक वन) इस कार में 59 'हैं का बैटरी पैक मिलता है। इसकी कीमत 21.90 लाख रुपए है और इसकी डिलिवरी अगस्त 2025 में होगी. महिंद्रा एक्सईवी 9ई (पैक टू) इसमें भी वही समान 59 'हैं का बैटरी पैक दिया गया है। इसकी कीमत 24.90 लाख रुपए है और इसकी डिलिवरी जुलाई 2025 से होगी।

### निपुण हरियाणा मिशन बुनियादी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कर रहा सुनिश्चित

**हिसार।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भविष्य की शिक्षा के लिए बुनियादी शिक्षा को आवश्यक बताया गया है। 5 जुलाई, 2021 को शुरू किए गए निपुण भारत मिशन का लक्ष्य 2026-27 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) हासिल करना है। हरियाणा ने 30 जुलाई, 2021 को निपुण हरियाणा मिशन की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 2025-26 तक एफएलएन परिणाम प्राप्त करना है, जिससे बालवाटिका कक्षा और ग्रेड 1-5 में सालाना 35,000 शिक्षक और 8.68 लाख से अधिक छात्रों पर सकारात्मक प्रभावित होंगे। वर्ष 2024-25 से कार्यक्रम का विस्तार ग्रेड 4-5 तक हो गया है, जिसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए सुगठित सामग्री और प्रशिक्षण शामिल है। निपुण हरियाणा मिशन प्रोग्राम के परिणामस्वरूप हर बच्चे की भाषा, लेखन, लर्निंग और रीडिंग कौशल में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसका उद्देश्य कक्षा 3 के प्राइमरी स्कूल के छात्रों को कॉम्प्रीहेंशन से लेकर अंकज्ञान तक में दक्षता प्रदान करना है। हाल ही में एएसईआर (एन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) के अनुसार खासतौर पर कक्षा के छात्रों की बेसिक लर्निंग में बेहद सकारात्मक परिणाम दर्ज किए गए हैं। हरियाणा एनईपी 2020 को लागू करने में अग्रणी रहा है और बुनियादी शिक्षा के लक्ष्यों का महत्व देता है। बुनियादी सतर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करने से सभी के लिए एक समान शिक्षा को सुलभ बनाया जा सकता है।

# मानव के सर्वांगीण विकास का आधार है गीता अध्ययन:- अनिल वर्मा

## महाभारत युद्ध के प्रारंभ से पूर्व अर्जुन के मन में जो मोह, वैराग्य और संशय पैदा हो गया था

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** गीता अध्ययन करने से मनुष्य के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है क्योंकि इसके 700 श्लोक मानव - मात्र के सभी प्रश्नों का उत्तर लिए हुए हैं। ये उद्गार भाजपा नेता और पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट करने के उपरांत व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि महाभारत युद्ध के प्रारंभ से पूर्व अर्जुन के मन में जो मोह,वैराग्य और संशय पैदा हो गया था और वो किंकर्तव्यविमूढ़ होकर निराश बैठ गया था वो ही स्थिति संसार के प्रत्येक प्राणी के मन में उत्पन्न हो सकती हैं जब वो किसी नवीन कार्य को आरंभ करना चाहते हैं



ऐसी स्थिति में अगर वो गीता अध्ययन करें तो उनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर मिल सकता है और वो मानव अपने क्षेत्र में सफल हो सकता है।अनिल वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में बहुत सुंदर,सहज और सरल ढंग से ज्ञान,कर्म और भक्ति योग की शिक्षा अर्जुन को दी थी लेकिन आज भी यह शिक्षा प्रत्येक प्राणी के लिए अंधेरे से उजाले का मार्ग प्रशस्त करती है क्योंकि जीवन में कई बार प्रत्येक प्राणी मन से अर्जुन की भांति परिस्थितियों में उचित निर्णय लेने में स्वयं को असमर्थ अनुभव करता है।अनिल वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को गीता अध्ययन को मोबाइल के प्रयोग की तरह दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए ताकि उनके प्रत्येक संदेह का समाधान प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से होता रहे।अनिल वर्मा ने यह भी कहा कि छोटी आयु में ही गीता अध्ययन करने वाले बच्चे कभी भी मनोरोग का शिकार नहीं हो सकते अर्थात उनको कभी भी जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों डिप्रेशन में नहीं ले जा सकती और न ही वो कभी आत्महत्या जैसा घिनौना कदम उठा सकते हैं ।अतः आज के प्रतियोगितात्म युग में माता- पिता को अपने बच्चों को बचपन में ही गीता अध्ययन के लिए प्रेरित करना चाहिए और स्वयं भी गीता पढ़नी चाहिए ।

## अवैध संबंधों के चलते की थी अपने रिश्तेदार की हत्या

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 टीम ने युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिनेश व प्रदीप निवासी खेड़ी तगा के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने युवक के शव का कंकाल ईख के खेत से बरामद किया था। गांव बख्तावरपुर निवासी एक महिला ने गत 28 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका पति केशव नीलकंठ ढाबे पर काम करता था। वह घर पर नहीं आ रहा था। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में हत्या की वारदात का खुलासा किया था। वहीं खेत से मृतक के कंकाल व जैकेट बरामद की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी राहुल देव ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि केशव की हत्या करने को लेकर लगातार रेकी की जा रही थी। केशव 27 तारीख को 8 बजकर 8 मिनट पर नीलकंठ ढाबे से अपनी इक्को ग्रे रंग की गाड़ी से निकला था। उसके बाद एक दुकान पर वह रुक गया। जहां पीछे-पीछे केशव का साला और उसका दोस्त प्रदीप उसी दुकान आ गए। जो लगातार उसकी रेकी कर रहे थे। दिनेश अपने साथी प्रदीप के साथ अपने साले की गाड़ी में बैठ गए। जहां मुरथल के कुराड़ बाईपास से होते हुए बड़ी इंडस्ट्री एरिया में पहुंचे। वहां खाली जगह देखकर पीछे से केशव का गला दबा दिया और उसकी हत्या कर दी। उसके बाद केशव के शव को उसी की गाड़ी में पीछे डाल दिया।

## 600 ग्राम भूखी के साथ बहालगढ़ से गिरफ्तार किया

**गन्नौर।** गन्नौर क्राइम यूनिट की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने आपरेशन आक्रमण के तहत तीन आरोपियो को 60 किलो 600 ग्राम भूखी के साथ बहालगढ़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश, निवासी गोकुलपुरी, बरेली, आरोपी केशव व अनिल माता कालोनी गाजियाबाद के रहने वाले है। जानकारी देते हुए गन्नौर क्राइम यूनिट प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि उनकी टीम आपरेशन आक्रमण के तहत गस्त पर थी। उन्हें सूचना मिली कि बहालगढ़ के पास कालोनी में तीन युवक बड़ी मात्रा में भूखी बेचने की फिराक में है।

## विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी करने के दो आरोपी काबू

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोप में अंकित सिन्हा व अनिल कुमार वासीयान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र हाल वासी जीरकपुर पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में केशव पुनीत कुमार वासी जिन्दल ग्लोबल सिटी कुरुक्षेत्र ने बताया कि आरोपी



और उसका परिवार उनकी दुकान से राशन लेने आते थे। आरोपियों ने कहा की वो पढाई के लिए लड़कों को विदेश भेजते हैं। अभी वो आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवा रहे हैं अगर उसे लगवाना हो तो वो उसे भी आस्ट्रेलिया भेज देंगें। उस के लिए 22 लाख रुपए लगेंगे जिसमे कुछ पैसे पहले और कुछ आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद देने होंगे। उसने उनकी बातों में आकर 5 फरवरी 2024 को ओरिजनल पासपोर्ट, मार्कशीट और 2 लाख रुपए आरोपियों को दे दिए। उसके बाद उसे चण्डीगढ ले जाकर उसका मैडिकल करवाया और आस्ट्रेलिया का वीजा उसके फोन पर भेजा और अलग-अलग किस्तों में उससे 12 लाख 26 हजार रुपए ले लिए। उसके बाद 1 मई 2024 को मुम्बई से मेलबर्न की टिकट उसे भेजी और उसे मुंबई जाने के लिए कहा। मुंबई के होटल में में उन्होंने उसके साथ मारपीट की। जब उसने शक के आधार पर टिकट का स्टेटस चैक किया तो टिकट फर्जी निकली तथा उसका आस्ट्रेलिया वर्क वीजा, वर्क लैटर, इन्श्योरेन्स, मैडिकल भी फर्जी निकले। जब उसने इस सम्बन्ध उनसे बात की और अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में धोखाधडी के तहत मामला दर्ज करके जांच आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई।

## पति-सास ने विवाहिता को पीटा, मुंबई से छिपकर भागी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के इंद्री कस्बे में दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति और ससुराल वालों पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।
नवविवाहिता का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए ताने दिए जाते थे और उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई बार तो उसे मायके जाने से भी रोका जाता था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
इंद्री निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2024 को मुंबई निवासी योगेश उर्फ रितिक पिहाल से बड़ी धूमधाम से हुई थी। लेकिन शादी के अगले ही दिन से उसकी सास, ननद और दादी सास ने दहेज को लेकर उसे ताने देने शुरू कर दिए। धीरे-धीरे उसका पति भी उनके साथ शामिल हो गया और उसने भी उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।
आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसे मायके से पैसे मांगने के लिए मजबूर करते थे। जब वह अपने मायके में फोन करती थी तो उसे स्पीकर ऑन रखने को कहा जाता था।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** श्री योग वेदांत सेवा समिति-अम्बाला द्वारा भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने हेतु 'मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता ने भाग लिया और भारतीय संस्कारों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण एवं श्रीसरस्वती वंदना से हुआ। समिति के सदस्यों एवं वक्ताओं ने माता-पिता के सम्मान



एवं उनकी सेवा का हम सबके जीवन में महत्व बताया। इसके उपरांत बच्चों ने उनके जीवन में माता-पिता के अमूल्य योगदान व त्याग को दर्शाते हुए, उपस्थित दर्शकों के दिल को छू लेने वाले बहुत ही मार्मिक नृत्य, नाटिका एवं भाषण प्रस्तुत किये ।
कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में बच्चों ने विधिपूर्वक अपने माता-पिता को

**आस्था**

**छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता ने भाग लिया और भारतीय संस्कारों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की**

तिलक लगाकर, आरती उतारकर एवं फूल माला पहनाकर उनका पूजन किया। माता-पिता ने भी अपने बच्चों को दिल से खूब खूब आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूजन के दौरान माहौल बहुत ही भावनात्मक हो गया और लगभग सभी उपस्थित लोगों की आंखों में अपनों के लिए प्यार व स्नेह के आंसू भी देखे गए।
समिति के प्रधान श्री भूपेश भारद्वाज ने कहा, "आज के समय में जहां पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है, वहीं हमारे गुरुदेव संत श्री आसाराम बापू जी ने भारत की संस्कृति व पारिवारिक स्नेह को बचाये रखने हेतु देश-विदेश में हर साल 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन पिछले कई सालों से शुरू करवाया।

# जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र ने समाज सेवा के लिए छात्रों को किया जागरूक

**जागरू किया**

**अगर युवा सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेता है तो मजबूत समाज की सरंचना होती है**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शहर की सुप्रसिद्ध संस्था द्वारा आज कुरुक्षेत्र के भगवान परशुराम कॉलेज के एनएसएस छात्रों को समाज सेवा के लिए जागरूक किया। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आज का युवा ही राष्ट्र की नींव है और अगर युवा सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेता है तो मजबूत समाज की सरंचना होती है। मिथुन समाना ने रक्तदान के बारे में बताया कि रक्तदान करने से हमें कोई कमजोरी नही होती। संस्था के साथ छात्रों ने भी समाजसेवा के अपने अपने कई अनुभव सांझा किए।



## निगम मेयर व पार्षदों का चुनाव कांग्रेस पार्टी सिम्बल पर लड़ेगी-बजरंग गर्ग

**हिसार-** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में नगर निगम मेयर व पार्षद के चुनाव पर विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि नगर निगम के चुनाव बाबत पार्टी हाईकमान ने अलग-अलग ड्युटियां लगाई गई हैं। नगर निगम में मेयर का चुनाव लड़ने वाले व पार्षदों कि चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन मांगे गए है। उन आवेदन के माध्यम से जल्दी पार्टी हाईकमान उम्मीदवार की घोषणा करेगी।

## अकाउंट्स इलेवन ने 8 विकेट से जीता मैच

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को खेले गए केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू वॉरियर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 117 रन बनाए, जिसमें टीम की ओर से अजय सैनी ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकाउंट्स इलेवन ने 11वें ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ओपनर बल्लेबाज विजय जांगड़ा ने धुआंधार शॉट खेलते हुए 31 गेंदों में 10 चौके लगाकर 50 रन की नाबाद पारी खेली तथा मैन ऑफ द मैच



का खिताब जीता। बल्लेबाज सागर ने भी 32 रनों की अहम पारी खेली। विजेता कप्तान अमित भुक्कल ने कहा कि जीत से नव ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी मैच में अच्छा खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शनिवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में केयूके स्टार इलेवन ने केयूके स्पार्टन द्वारा दिए गए लक्ष्य 152 रन को 5 विकेट खोकर 19वें ओवर में प्राप्त कर लिया। केयूके स्पार्टन की ओर से आदित्य स्वामी ने 57, अंशुल शर्मा ने 41 रन की पारी खेली। वहीं विजेता टीम की ओर से हेमंत सिंगला व अमीर खान ने 25-25 रनों की पारी खेली। कप्तान अरविन्द शर्मा ने शानदार गेंदबाजी

**रोमांचक मैच**

**केयूके ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 117 रन बनाए टीम की ओर से अजय ने 36 रन बनाए**

करते हुए 4 विकेट झटके। इससे पहले सुबह के मैच में एडमिन प्लेयर्स ने केयूके वॉरियर्स को 22 रन से मात दी। एडमिन प्लेयर्स की ओर से रविन्द्र सैनी ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 11 चौके लगाकर 54 रन बनाए। 186 रनों के विशाल लक्ष्य को पूरा करने उतरी केयूके वॉरियर्स 20 ओवर में 164 रन ही बना सकी।

# करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव 2 मार्च को

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान दो मार्च को होगा। इसी दिन असंध नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।
जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार चुनाव लड़ने. के इच्छुक 11 से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने.वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।
**उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।
उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।
**ये रहेगी जमानत राशि:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम में मेयर पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 10 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 5 हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर निगम में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 3 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी.ए, बीसी.बी और महिला के लिए 1500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है। इसी प्रकार नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 2 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी.ए, बीसी.बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी.ए, बीसी.बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।
**चुनावी खर्च की सीमा:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने. वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख रुपये, पार्षद पद के लिए 7 लाख 50 हजार रुपये तय की गई है।

**तारीख आई**

**सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी**

# तेज रफ्तार कैंटर ने मोपेड को चपेट में लिया, चालक की उपचार के दौरान मौत

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोनीपत-रोहतक सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कैंटर ने मोपेड को चपेट में ले लिया। हादसे में मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। विशाल नगर निवासी सुनील ने बताया कि उसका भाई राजेश (50) फेरी का काम करता था। वह कच्चे क्वार्टर में फेरी का काम खत्म करके वापस मोपेड पर लौट रहा था। वह सोनीपत-रोहतक फ्लाईओवर पर पहुंचा। जहां तेज रफ्तार कैंटर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी पविंद्र ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**दुर्घटना**

**मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेक पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।**

## न्यूज फ्लैश

### जन आवाज सोसाइटी द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पानीपत में रक्त की कमी के चलते 11 फरवरी मंगलवार को जन आवाज सोसाइटी द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सोसाइटी के प्रधान जोगिंदर स्वामी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी उन्होंने कहा कि कोविड के समय जब सब कुछ लॉकडाउन किया हुआ था। उस समय हमारी सोसाइटी के साथियों एक बहुत बड़ी चैलेंज को स्वीकार करते हुए पूरे 1 साल तक प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और जरूरतमंद लोगों की रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पानीपत में जब भी रक्त की कमी होती है उस समय जन आवाज सोसाइटी की टीम पूरी मजबूती के साथ हमेशा खड़ी होती है। उन्होंने शहरवासीयो से अपील करते हुए कहा कि उनके रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है इसलिए वह बढ़ चढ़कर रक्तदान करते रहे।

### केयू में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार केयू सीनेट हॉल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू सीनेट हॉल सहित छात्रावासों में भी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा जिससे परीक्षार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों को परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने की नई दिशा प्राप्त होगी। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 10 फरवरी 2025 को केयू सीनेट हॉल में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर परीक्षा पे चर्चा 2025 के संस्करण का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके साथ ही केयू के विभिन्न छात्रावासों सहित अन्य जगहों पर इसे दिखाया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह संवाद कार्यक्रम परीक्षा के इस दौर में परीक्षार्थियों के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम का दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही डीडी नेशनल, डीडी न्यूज डीडी इंडिया, रेडियो चैनल, पीएमओ की वेबसाइटों पर लाइव वेब स्ट्रीमिंग तथा स्वयंप्रभा चैनल सहित सभी प्रमुख निजी चैनल भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेंगे।

### जींद में नौकरी के नाम पर हड़पे साढे सात लाख

**जींद।** यमुनानगर जिले के एक युवक को अर्धसरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर साढे सात लाख रुपये हड़पने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने व दस्तावेज जब्त करने का मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में यमुनानगर जिले के बिलासपुर निवासी शशिपाल ने बताया कि वह बसाती अस्पताल बिलासपुर में पीआरओ लगा हुआ है और इसकी एडवरटाइजमेंट का काम करता है। आसपास के क्षेत्र के आरएमओ डाक्टरों से मिलता है। इस दौरान 2024 में उसकी मुलाकात सरकारी अस्पताल मुगलवाली में तैनात डा. प्रवीन कैत से हुई। डा. प्रवीन नरवाना के कलौदा गांव का रहने वाला है। डा. प्रवीन ने उसे अर्ध सरकारी नौकरी के बारे में बताया और कहा कि वह उसे सर्व खेल और योगा विकास परिषद में नौकरी लगवा सकते हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र (ऊझा) पानीपत ने 31 वाँ स्थापना दिवस मनाया

### केंद्र के संयोजक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतपाल सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र की स्थापना की कहानी साझा की

**प्रगतिशील**

**▶▶ स्थापना दिवस का आयोजन केवीके, ऊझा के प्रांगण में किया, जिसमें 100 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत ने अपने 31वें स्थापना दिवस का आयोजन केवीके, ऊझा के प्रांगण में किया, जिसमें जिले के 100 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्र के संयोजक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतपाल सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र की स्थापना की कहानी साझा की, जो वर्ष 1994 में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के तहत हुई थी। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य किसानों के खेतों में कृषि की नवीनतम तकनीकों को स्थानांतरित करना है, जो प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम, फ्रंटलाइन प्रदर्शन आदि के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र, अनुसंधान और किसानों के बीच एक पुल के रूप में कार्य करता है, जो कृषि एवं कृषि सम्बंधी क्षेत्रों में किसान समुदाय की स्थान-विशिष्ट समस्याओं/मुद्दों का समाधान करने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिनमें किसानों, महिला किसानों और युवाओं को फलों और सब्जियों के संरक्षण, बेकरी, दूध के मूल्य वर्धित उत्पादों, स्प्रे प्रौद्योगिकी और टेलरिंग आदि पर प्रशिक्षित किया जाता है और अब तक हजारो किसान इसमें हिस्सा ले चुके है।उन्होंने केंद्र के वर्तमान में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टों के बारे में जानकारी दी, जिनमें प्राकृतिक खेती, अनुसूचित जाति किसानों की आजीविका में सुधार, जल शक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान आदि शामिल हैं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुनील सांगवान ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के विषय फसल अवशेष प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने मशीनीकरण के माध्यम से यथास्थान फसल अवशेष प्रबंधन पर जोर दिया और नवीनतम प्रौद्योगिकियों जैसे सुपर सीडर, सरफेस सीडर, स्मार्ट सीडर आदि के बारे में बताया। उन्होंने धान की पराली जलाने के गंभीर नुकसान और फसल अवशेष प्रबंधन के लाभों के बारे में भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म दर्शन करवाया व फार्म पर पारदर्शित उन्नत किस्मों व कृषि तकनीकों से अवगत करवाया। डॉक्टर मोहित सहल, जिला विस्तार विशेषज्ञ, (कृषि अर्थशास्त्री), ने सभी प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केंद्रो के सिद्धांतों के बारे में बताते हुए कृषि विज्ञान केंद्रो की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत द्वारा लागू की गई स्कीमों के बारे में बताते हुए कहा कि "शेड्यूल कास्ट सब प्लान" स्कीम आई.सी.ए.आर. द्वारा चलाई गई एक ऐसी स्कीम है कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत में 2022 में लागू की गई थी। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य पानीपत जिले के सभी अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता कार्यक्रमों, व अनेक अन्य प्रकार के कार्यों द्वारा उन्हें सशक्त करना होता है।

## दिल्ली को आप के पाप से मुक्त करने के लिया यमुना को किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने रविवार को बागपत गौरीपुर के निकट गढ़ मिरकपुर के यमुना घाट पर जाकर पूजा अर्चना कर दिल्ली को आप के पाप से मुक्त करने के लिए यमुना मैया को नमन किया और दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए यमुना मैया की जय जय कार के नारे भी लगाए। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली की जनता को अब यमुना का साफ जल उपलब्ध होगा।

गौरतलब हो कि आप पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा वासियों पर यमुना नदी के पानी में जहर मिलाकर पानी दिल्ली को सप्लाई करने के आरोप लगाए थे, जिसके बाद राजीव जैन ने सोनीपत की सीमा के अंतिम गांव दहिसरा में यमुना के जल का आचमन करके करारा जवाब दिया था और उसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल का आचमन करने के बाद इस मुद्दे को लेकर ताबड़तोड़ रेलिया की जिससे माहौल भाजपा के पक्ष में बन गया। राजीव जैन ने कहा कि केजरीवाल ने अपनी स्पष्ट हार को देखते हुए यमुना मैया को राजनीति में घसीटने का कुत्सित प्रयास किया जिसके श्राप ने आम पार्टी के किले को ध्वस्त करके रख दिया और 27 वर्षों के बाद भाजपा को शानदार सत्ता में वापसी का फल दिया।

उन्होंने कहा कि आप पार्टी की करारी हार ने साबित कर दिया है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ा करती और देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने के मुद्दे को लेकर पार्टी ने सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजीव जैन ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने वाले आप पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सतेंद्र जैन को हराकर जवाब दे दिया कि भ्रष्टाचार को जनता किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगी।

## बीपीएल परिवारों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋणः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। डीसी ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है।

## दिल्ली की जनता ने मोदी की गारंटी पर लगाई मोहर: नायब सिंह सैनी

**उपलब्धि**

**▶▶ गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगे लेकिन इसके विपरीत उन्होंने शराब के ठेके खोलने का काम किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। अब मोदी जी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नई दिल्ली में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ। दिल्ली चुनाव में लगे सभी नेताओं व कार्यकताओं को भी उन्होंने बधाई दी और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एक कुशल संगठनकर्ता की तरह काम किया है। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ बोलकर लोगों को बहकाने वाले नेता से छुटकारा पाया है। अरविंद केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा किया था लेकिन जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर गया तो वहां घंटों जाम व टूटी हुई सडकों के अलावा कुछ नहीं मिला। यमुना नदी की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगे लेकिन इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी।

## ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया

**सुरक्षा**

**▶▶ बालक बालिकाओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। महिलाएं खुद की सुरक्षा को लेकर आगे आ रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में नारी शक्ति अभ्युदय सम्मान समारोह एवं महिला सम्मेलन कार्यक्रम किया ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई समाजसेवी हरपाल ढांडा रहें।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा और कार्यक्रम की संयोजक सविता आर्या ने दीप प्रज्वलित कर किया । हरपाल ढांडा ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि नारी जगत जननी है नारी शक्ति के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता । इस कार्यक्रम की संयोजक नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने बताया कि परमपूज्य सुधांशु महाराज एवं अर्चिका दीदी के आशीर्वाद से पूज्य गुरुमाता के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर नारी शक्ति अभ्युदय सम्मान समारोह एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाली विभूतियों को बुलाया गया।
जिसमें ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया ।बालक बालिकाओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। आज कुछ युवतियां व महिलाएं खुद की सुरक्षा को लेकर आगे आ रही है समाज को उनका सहयोग करने की जरूरत है।

## छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना व योग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत** के उच्च शैक्षणिक संस्थान आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में स्वामी विवेकानंद जयंती से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक आयोजित होने वाले हर घर सूर्य नमस्कार अभियान मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत योगसत्र का आयोजन कर विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार सिखाया गया` आयोजन महाविद्यालय की विवेकानंद युवा इकाई के संयोजक डॉ. गुरनाम सिंह के निर्देशन में किया गया` इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना व योग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है` महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा है कि सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि यह मानसिक शांति व आत्म अनुशासन भी सिखाता है ` हमारा उद्देश्य छात्रों को योग जैसे प्राचीन और वैज्ञानिक साधनों से जोड़कर उनके जीवन को संतुलित बनाना है` वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गुरनाम सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को योग की महत्ता समझने और इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की आवश्यकता है` सूर्य नमस्कार एक ऐसा साधन है जो कम समय में अधिक लाभ प्रदान करता है।

## सेम समस्या पर सीएम से मिलेंगे किसान

**फतेहाबाद।** भारतीय किसान संघ की कार्यकताओं की बैठक जिला अध्यक्ष रोहतास पंघाल की अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक में विशेष तौर पर प्रदेश महामंत्री मास्टर रामवीर, महेंद्र बुडानिया व संजय जाखड़ ने भाग लिया। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जैविक खेती देशहित में है और किसानों को इसे बढ़ावा देना चाहिए। इसके अलावा बैठक में फसलों के एमएसपी से ऊपर उठकर लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिले में सेम की समस्या और एनओसी के नाम पर काडा में फैले भ्रष्टाचार सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिला जाएगा।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य शिव शोभायात्रा का आयोजन

**भावना**

**▶▶ द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला के उपलक्ष्य में आज भव्य शिव शोभायात्रा निकाली गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**महाशिवरात्रि** के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला के उपलक्ष्य में आज भव्य शिव शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा नवां कोर्ट गुरुद्वारे के पास स्थित कटारिया लैंड से आरंभ हुई और शहर की विभिन्न गलियों एवं सड़कों से होते हुए सेक्टर-12 स्थित ओम शांति भवन पर संपन्न हुई। इस दिव्य शोभायात्रा का मार्गदर्शन ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके सुनीता बहन ने किया, जिनके साथ मुख्य सहयोगी के रूप में बीके ज्योति बहन, बीके विनोद भाई, बीके चरणजीत, बीके अनिता बहन, बीके सारिका बहन और बीके मीनू बहन भी मौजूद रहे। इस यात्रा में स्थानीय सेवा केंद्रों के भाई-बहन एवं गांवों से आए सैकड़ों की संख्या में ब्रह्मा कुमार एवं ब्रह्मा कुमारियां बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए।

**शहर की गलियों से गुजरी भव्य शोभायात्रा:** शोभायात्रा में भगवान शिव के दिव्य संदेशों से सजे हुए वाहन, बैनर और भव्य साज-सज्जा की गई थी। पूरे शहर में "सर्व पर्वों में पर्व महान, शिव जयंती है सर्व महान" जैसे गूंजते जयघोषों से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।
इस यात्रा के दौरान विभिन्न चौराहों, प्रमुख मार्गों और गलियों में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मार्ग में जगह-जगह पर भक्तों ने शिव बाबा के संदेशों को आत्मसात करने और इस आयोजन से जुड़ने का संकल्प लिया।

## रेनबो वार्षिक उत्सव कार्यक्रमों के साथ वार्षिक समारोह सम्पन्न

**रंगारंग**

**▶▶ सांस्कृतिक और खेल कूद गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : दो दिवसीय सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का समापन रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास से हुआ । इस वार्षिक उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने उम्दा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इस वार्षिक उत्सव में साल भर में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल कूद गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मोहन नगर में रविवार को स्कूल प्रबंधन समिति की तरफ से सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक , आदर्श हाई स्कूल से सोहन लाल सैनी , रंजना शर्मा , मेवा राम विजय मेहता व गौरव नारंग ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप शिखा प्रज्जवलित करके विधिवत रूप से वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन विपिन शर्मा, और सतपाल शर्मा के साथ-साथ लिटिल कैम्पस इन्टरनैशनल स्कूल के एमडी पंकज अरोड़ा ने परम्परा अनुसार मेहमानों का स्वागत किया। स्कूल के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के माध्यम से सभी मेहमानों का स्कूल की परंपरा के अनुसार स्वागत किया और नूर गीत की प्रस्तुति से मेहमानों का गुणगान किया। आज के कार्यकर्म में स्कूल के बच्चो ने साइंस पर्दशनी लगा कर अभिवावकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया अभिवावक भी यह देख कर हेरान थे की बच्चो ने कैसे कलाकृति कर राखी है` स्कूल प्रांगन में ही स्कूल के बच्चो ने हरियाणा पवेलियन भी बना रखा था जिससे पुराणी संस्कृति का पता चल सके इसके साथ ही स्कूल के बच्चो ने प्रस्तुति देकर सबकों मंत्र मुग्ध कर दिया। रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुल 17 प्रस्तुतिया दी गयी जिसमे , गीत भक्ति गीत, हरियाणवी कलचर, पर प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और दर्शकों को अपनी प्रस्तुतियों के मोहपाश में बांध लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में अव्वल है बच्चा जब स्कूल में आ गया तो अध्यापक कि जिम्मेदारी है की उसका भविष्य कैसे बनाना है एक अध्यापक का दर्जा माँ से भी ऊपर होता है` जिस कारण स्कूल का और अध्यापक का दायित्व है की बच्चे के उज्जवल भविष्य के बारे में सोचे` कौशिक ने कहा कि बच्चा कच्ची मिट्टी की तरह होता है और अध्यापक वो कुम्हार होता है जो उसे नया रूप देता है।

## परचून की दुकान की आड़ में बेची जा रही अवैध शराब पकड़ी

**केस दर्ज**

**▶▶ कोई कागजात पेश नहीं कर पाया तो उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के गाँव रोहणा से खुरमपुर जाने वाले रास्ते पर एक परचून की दुकान की आड़ में अवैध रूप से शराब बेचने का काम किया जा रहा था। जिसका पता लगने पर खरखौदा पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा और युवक को अवैध देशी शराब के साथ पकड़ लिया। जब आरोपित युवक शराब को लेकर कोई कागजात पेश नहीं कर पाया तो उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया। एएसआइ बलगानंद ने गुप्त रूप से सूचना मिलने पर रोहणा से खुरमपुर मार्ग पर स्थित ईंट भट्ठे के पास स्थित परचून की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान बंद मिली, लेकिन जब टीम दुकान के पीछे पहुँची तो पाया कि युवक वहाँ पर बैठा हुआ है। युवक ने अपनी पहचान रोहणा के सतपाल के रूप में दी। टीम ने जब उसके पास रखे कट्टे की जाँच की तो पाया कि उसमें मुरथल नंबर वन मार्का देशी शराब की 13 बोतल, दूसरे मार्का के 23 अध्धे रखे हुए थे।

# भाजपा युवा नेता मोहित शर्मा ने वार्ड-5 से टिकट हेतु की दावेदारी

**टीम एक्श इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत** में नगर निगम के चुनाव की घोषणा होते ही वार्डो से चुनाव लड़ने के इच्छुक जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय में अपना आवेदन पत्र लेकर टिकट की दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसी बीच वार्ड नंबर 5 से युवा भाजपा नेता मोहित शर्मा ने भी अपनी टीम के युवा साथियों व वार्ड वासियों के साथ जिला अध्यक्ष कार्यालय में पहुंचकर अपना परिचय पत्र सहित आवेदन किया। बता दे कि मोहित शर्मा काफी समय से पानीपत शहर में समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं। बाल्यकाल से ही अपनी बहन शीतल शर्मा के साथ नई सोच




सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले वार्ड सहित पानीपत में पौधारोपण, पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाना, घरों के बाहर बेटियों के नाम की नेम प्लेट लगाना, शिक्षा के प्रति जागरूक करना, जरूरतमंद परिवारों की मदद करना ऐसे अनेकों समाजसेवा के कार्य कर रहे है। गौरतलब है कि 2014 के लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव से लेकर अभी तक भाजपा पार्टी में सभी साथियों सहित पूर्ण रूप से कार्य कर रहे है। पार्टी संगठन ने जहां भी जिम्मेदारी लगाई वहां बखूबी से कार्य कर रहे है। 2019 और 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण रूप से कार्य किया। मोहित शर्मा भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री के दायित्व पर है। भारतीय जनता पार्टी के लिए ही नहीं बल्कि वार्ड के विकास के लिए भी दिन रात एक करते हैं। चाहे लाइट की बात हो या सड़कों की, ड्रेन की ग्रिल की, बिजली की समस्या हो या शिक्षा, जरूरतमंद की मदद की मोहित शर्मा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते है। अब वार्ड नंबर 5 से निगम पार्षद पद की दावेदारी हेतु युवा नेता ने इच्छा जताई है और टिकट के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को अपना मजबूत आवेदन किया है। युवा नेता मोहित शर्मा ने कहा कि शुरू से ही समाज सेवा के कार्यों में रुचि है और हमारे समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए अनेकों बार जिला प्रशासन द्वारा और धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। अगर पार्टी मुझ पर विश्वास जताती है तो वार्ड में अच्छा रसूख होने के नाते, सभी के आदर सम्मान प्यार और विश्वास के साथ एकतरफा जीत होगी। पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करेंगे। वार्ड की भलाई के लिए कार्य करेंगे और पानीपत के सभी वार्डो में से वार्ड नं 5 को एक आदर्श वार्ड के रूप में स्थापित करेंगे।

# छापा डालकर देह व्यापार का भंडाफोड़, चार लोग व दो विदेशी महिलाएं गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव कुराड़ के पास स्थित स्पा सेंटर में छापा डालकर मुरथल एसीपी की टीम ने देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने स्पा सेंटर संचालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही से दो विदेशी महिलाओं समेत चार महिलाओं को संरक्षण में लिया है। गिरफ्तार आरोपित अतिशय जैन, सुमित, संदीप व ग्राहक विनय को अदालत में पेश किया। जहां से अतिशय जैन को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं सुमित व संदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ग्राहक विनय को जमानत मिल गई। महिलाओं को जानकारी लेने के बाद छोड़ दिया गया। एसीपी अजीत सिंह से मिली जानकारी के

**पर्दाफाश**

**गिरफ्तार करने के साथ ही से दो विदेशी महिलाओं समेत चार महिलाओं को संरक्षण में लिया**

अनुसार पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत आई थी कि कुराड़ 51 माइल स्टोन स्थित भवन की तीसरी मंजिल पर दा रेबॉर्न स्पा में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। जिस पर शुक्रवार रात को एएसआई किशोर को बोगस ग्राहक भेजा गया। उसके बाद उनके साथ मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार, एसआई बबली, महाबीर, एएसआई संदीप व मेनका और अन्य के साथ छापा डाला गया। टीम को स्पा सेंटर के अंदर संचालक सोनीपत निवासी निवासी अतिशय जैन मिला। उसको साथ लेकर जांच की तो एक कमरे में युवक-युवती आपत्तिजनक हालत में मिले। तीन अन्य युवती भी अलग कमरे में बैठी मिली। कमरे में मिले युवक की पहचान विनय के रूप में हुई। पुलिस ने वहां से मैनेजर सुमित व कर्मी संदीप को भी गिरफ्तार कर लिया। युवतियों को पुलिस ने संरक्षण में लिया। उनमें दो युवती थाइलैंड की मिली। चारों की जानकारी लेने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मजबूरी में करती थी काम, आरोपित ग्राहकों से 1000 से 1500 रुपये की लेते थे राशि- पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित स्पा सेंटर में आने वालों ग्राहकों से एक हजार से डेढ़ हजार रुपये लेते थे।

## न्यूज फ्लैश

### अमरीकन एमएनसी कंपनी बेरोए के दफ्तर पर छापा, चोरी किए डाटा और दस्तावेज बरामद

**दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर कोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर ने स्थानीय पुलिस के साथ अमरीकन एमएनसी कंपनी बेरोए इंकोपरेशन के नोएडा और चैन्नई स्थित दफ्तर पर छापे मार कार्रवाई की। इस दौरान छपा मारने वालों को फरियादी कंपनी के वह डाटा और दस्तावेज बरामद मिले जो आरोपी कंपनी ने न्यू एज टेक्साई रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड एंड एनआर कंपनी से चुराए थे। स्थानीय पुलिस ने दस्तावेजों के साथ प्रिंट भी बरामद किए। ।जो अमरीकन एमएनसी कंपनी बेरोए इंकोपरेशन ने चुराए थे। यह कार्रवाई न्यू एज टेक्साई रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड एंड एनआर द्वारा हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि अमरीकन एमएनसी कंपनी बेरोए इंकोपरेशन ने उनकी कंपनी का महत्वपूर्ण डाटा और दस्तावेज चुरा लिए हैं। इस डाटाऔर दस्तावेजों को यह कंपनी अपने हित में इस्तेमाल कर रही हैं। याचिका में वादी ने कहा कि प्रतिवादी कंपनी ने उनकी कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेज और डाटा चुरा लिए हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जसिटस मिनी पुष्करन ने आदेश लोकल कमिश्नर नियुक्त कर आरोपी कंपनी बेरोए इंकोपरेशन के नोएडा और चैन्नई के दफ्तरों पर छापा मार कर चुराए गए डाटा और दस्तावेजों को बरामद करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस की मदद लेने को कहा हाई कोर्ट के आदेश पर लोकल पुलिस कमिश्नर ने स्थानीय पुलिस में एसएचओ रैंक के अफसर को साथ लेकर पुलिस टीम को लेकर अमरीकन एमएनसी कंपनी बेरोए इंकोपरेशन के चैन्नईऔर नोएडा स्थित दफ्तर पर छापे मार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को चुराए हुए दस्तावेज और डाटा मिले। पुलिसा और लोकल कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंप दी हैं।

### निकाय चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से की जाए पालना :नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,** : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से पालना की जाए तथा कहीं पर भी आचार संहिता की उल्लंघना बारे जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत रिटर्निंग अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी नामांकन प्रक्रिया को लेकर समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाए। उम्मीदवार 11 फरवरी से 17 फरवरी, 2025 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसके लिए समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी व 16 फरवरी, 2025 को अवकाश होने के कारण कोई नामांकन दाखिल नहीं किया जाएगा। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए 02 मार्च, 2025 को मतदान होगा तथा 12 मार्च को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए है और अलग-अलग कार्यो के लिए समुचित प्रबंधन के लिए उच्च अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे समन्वय के साथ कार्य करें और चुनाव को लेकर अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें क्योंकि स्थानीय निकाय के चुनाव काफी संवेदनशील होते है और छोटे-छोटे इश्यू भी बड़े बन जाते है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी से करें। किसी भी उम्मीदवार व राजनीतिक दल के साथ पक्षपात न करें।

### शराब के नशे में पिया जहरीला पदार्थ, पूर्व फौजी की उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत**

**सदर** थाना क्षेत्र के गांव भठगांव डुंगरान में शराब के नशे में पूर्व फौजी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव भठगांव डूंगरान निवासी रामसिंह (80) फौज से रिटायर्ड कर्मचारी था। परिजनों ने पुलिस से बताया कि अक्सर शराब पीता था। शराब के नशे में कुछ जहरीला पदार्थ पी लिया। जिससे उसकी तबीयत खराब होने लगी। उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी तरूण ने बताया कि मृतक के बेटे रणबीर के बयान पर कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर सौंपा दिया है।

# आरोपियों की निशानदेही पर चौथा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

सीआईए टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे तीनों आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में शामिल चौथे आरोपी को शनिवार देर शाम सेक्टर 11/12 गंदा नाला के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान समुनी अहमद निवासी खटीक बस्ती के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने मामले में गिरफ्तार हो चुके अपने तीनों साथी आरोपी व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल



कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक व एक चाकू बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम ने बीते वीरवार को एनएफएल नाका के पास से ऋषभ की हत्या के आरोपी मोहम्मद फैसल निवासी जगजीवन राम कॉलोनी, सौरभ व सभीहुद्दीन उर्फ समीर निवासी खटीक बस्ती को काबू किया था। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने खटीक बस्ती निवासी अपने साथी आरोपी सुमीन अहमद व अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर ऋषभ की कहासुनी के बाद लाठी, डंडो व चाकू से वार कर ऋषभ की हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियो ने पुलिस को बताया था कि उनकी 4 फरवरी की साय खटीक बस्ती में तेज रफ्तार से बाइक चलाने को लेकर ऋषभ व उसके साथियों के साथ कहासुनी हुई थी।

# ऑटो में बैठी महिला की सोने की बालियां व अंगूठी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में ऑटो में सवार महिला की बालियां व अंगूठी के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने जेवरात चोरी करने का आरोप दो व्यक्तियों पर लगाया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शहर के प्रेम नगर निवासी राजदुलारी ने बताया वह ककरोई रोड से ऑटो में सवार होकर गुड मंडी स्थित निजी अस्पताल में जा रही थी। जिसमें पहले से दो व्यक्ति सवार थे। वह ऑटो से रेलवे पुल के नीचे उतर गई। जब अपने बैग की जांच की तो उसमें से सोने की आठ ग्राम की अंगूठी और छह ग्राम की कानों की बालियां गायब मिली। उसे शक है कि ऑटो सवार व्यक्तियों ने चोरी की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमित सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। व्यक्तियों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द से व्यक्तियों की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: पुलिस** विभाग की तरफ से पुलिस लाइन सोनीपत में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। विभाग की तरफ से पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर पुलिस की टीमें हर गली, चौकझचोराहों, स्कूल कॉलेजों व झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक कर रही है। इसी अभियान को और आगे ले जाने की कड़ी में सहायक पुलिस आयुक्त शहर राहुल देव ने आज शिवा शिक्षा सदन स्कूल सोनीपत में छात्र, छात्राओं व स्टाफ को नशे के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम ने लोगों को नशे के खिलाफ इस जंग में शामिल होने का आह्वान किया। सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव ने बताया कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। शराब ,गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, खैनी आदि का चलन बढ़ रहा है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य नशे हेरोईन, अफीम, पोस्त आदी जानलेवा नशे लेना शुरू कर देता है। बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है।

# विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति परीक्षा की गई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**

**रविवार** के दिन खरखौदा के थाना खुर्द के द स्टैनफोर्ड स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें करीब 10 गाँव के 160 बच्चों ने अपनी भागीदारी दिखाई और अपना सक्रिय योगदान दिया। इस परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित और सामान्य विज्ञान विषय को समाहित किया गया था। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया, विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया और प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने सभी विद्यार्थियों और



अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें इस तरह की परीक्षाएं देते रहना चाहिए। अवश्य नहीं कि हम हर परीक्षा में उत्तीर्ण हों। यह हमारी बुद्धि लब्धि को मापने का तरीका ही नहीं बल्कि अन्य जगहों पर जाकर वहां के वातावरण को देखना और ज्ञानवर्धक जीवन को जीना सीखना ही काफी हो जाता है। विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने विद्यालय के बारे में अपने विचार अभिव्यक्त किये।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम यूनिट** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन निवासी बिंदरौली सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरास में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम गत 7 फरवरी को गश्त के दौरान गांव बरोटा के पास मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित आने वाला है। टीम ने उसी दौरान छापेमारी करके युवक को काबू कर लिया।

# कवि गोविंद के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी और कवि गोविंद के जन्मदिन पर 174 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में 534 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश मुख्यातिथि के रूप में पधारे जबकि स्टार रक्तदाता डॉ. अरुण धीमान विशिष्ट अतिथि रहे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर की अध्यक्षता की। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा



ने अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया और कहा कि आज का रक्तदान शिविर स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानी एवं कवि गोविंद के जन्मदिन पर समर्पित है। हम उनके बलिदान को कभी भी नहीं भुला सकते। वे हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यातिथि भारतेन्दु हरीश ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण धीमान ने कहा कि रक्त का कोइ विकल्प नहीं है। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर के सञ्चालन में सहयोग किया। शिविर में स्टार रक्तदाता डॉ. अरुण कुमार ने 28

**रक्तदान महादान**

**जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में 534 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया**

वीं बार जबकि स्टार रक्तदाता कंवलजीत ने 30 वीं बार रक्तदान किया। रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्तदान एकत्रित किया गया जिसमें सुमित, करनैल सिंह, गुरजिंद्र कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. अरुण कुमार, राजेश, कंवलजीत, पारस और लेखा सिंह सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

# मकान मालिक व किराएदारों को पीटकर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव बारोटा में घर के अंदर घुसकर मकान मालिक व किराएदारों से पीट-पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने उनके मोबाइल फोन भी तोड़ दिए। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बरोटा निवासी संजीव ने बताया कि उसने गांव में अपनी जमीन पर किराए के लिए कमरे बना रखे है। गांव के रहने वाले टीनू, नितिन, अमन, कालू उसके मकान के अंदर घुस आए। उसके बाद कमरों में रहने वाले किरायेदारों पर हमला कर दिया। उन पर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस संबंध में वह मदद के लिए फोन करने लगा तो आरोपितों ने उनके मोबाइल भी जमीन पर पटक कर तोड़ दिए। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे और आरोपितो से उनको छुड़वाया। मारपीट में रूकशान अली, मीर हुसैन नूर मोहमद मोइन अली, समीर अली घायल हो गए। इस दौरान आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने पदम श्री अवॉर्डी डॉ संतराम का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक के डी नगर स्थित कार्यालय में नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में हुई । बैठक का संचालन कैप्टन एस एस दहिया ने किया । बैठक में पदम श्री अवॉर्डी ,विख्यात साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और ब्रिगेडियर यशपाल सिंह निदेशक पार्क अस्पताल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की । कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री अवार्ड संतराम देशवाल की



धर्मपत्नी राजकला देशवाल सेवानिवृत प्रोफेसर ने सैनिको के जीवन तथा उनके साहस व बलिदान पर लिखी हुई कविता सुनाई । इसके बाद ब्रिगेडियर एसपी सिंह ने बताया कि पार्क अस्पताल पानीपत घुटने को रोबोटिक विधि से ऑपरेशन करने की नई जानकारी से अवगत करवाया।

# युवक के ऊपर गांव के व्यक्ति ने गंडासी से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** आपसी रंजिश के चलते खेत मे जा रहे युवक के ऊपर गांव के व्यक्ति ने गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बजाना कला निवासी अजय ने बताया कि वह दिल्ली डीटीसी में कार्यरत है। जमीन को लेकर उनके साथ यशपाल पारिवारिक रंजिश रखे हुए है। रविवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान यशपाल वहां आया और उसे गालियां देने लगा। कुछ समय बाद वह स्कूटी लेकर अपने खेत में जा रहा था। इस दौरान यशपाल

**शिकायत**

**व्यक्ति ने गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है**

ने उसका रास्ता रोक लिया और गंडासी से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिस कारण उसे सर व हाथ मे चोट लग गई। आरोपी यशपाल उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपी यशपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नागरिक अस्पताल में स्थापित एक्स-रे मशीन हुई ठीक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन का एक्सपोजर खराब होने के कारण करीब पांच दिन से एक्स-रे नहीं हो पा रहे थे। शनिवार को अस्पताल में पहुंचे इंजीनियर ने कई घंटों तक मशीन को ठीक करने के लिए माथापच्ची की। जिसके बाद मशीन को ठीक कर दिया गया। शनिवार को ओपीडी समय समाप्त होने के चलते किसी के एक्स-रे नहीं हो पाएं। सोमवार को ओपीडी खुलने के बाद एक्स-रे सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में एक्स-

**राहत**

**शनिवार को अस्पताल में पहुंचे इंजीनियर ने कई घंटों तक मशीन को ठीक करने के लिए माथापच्ची की**

रे मशीन में बार-बार खराबी आ रही है। जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को एक्स-रे न होने से परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद उनकी परेशानी को दूर नहीं किया जा रहा है। गत मंगलवार को एक्स-रे मशीन का एक्सपोजर ठीक से काम नहीं कर रहा था। जिससे मशीन रूक-रूक कर चल रही थी। जिससे रेडियोलॉजी अधिकारियों ने एक्सपोजर ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन मशीन को चालू नहीं कर सके। इसके बाद रेडियोलॉजी अधिकारी ने मशीन खराब होने की जानकारी। साथ ही बताया कि खराबी के चलते एक्स-रे नहीं हो सकेंगे। इस पर मरीजों को बिना एक्स-रे कराए वापस लौटना पड़ रहा था। अधिकारी तरफ से अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया गया है।

# 'भारत ने वायु रक्षा प्रणाली में सफलता हासिल की'

## एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरू।** एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में होंगा। पूर्व संध्या पर उन्होंने 10 से 14 फरवरी तक चलने वाले एयरो इंडिया के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देने के साथ ही रक्षा क्षेत्र में विकसित हो रहे भारत का खाका खींचा। राजनाथ सिंह ने रविवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में स्वदेशी एलसीए तेजस मार्क-2 की प्रोडक्शन लाइन का दौरा करके प्रगति का जायजा लिया। रक्षा मंत्री एयरो इंडिया



2025 के लिए आज शाम को बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट पर उतरे और एचएएल की अत्याधुनिक एलसीए तेजस मार्क-1ए की उत्पादन सुविधा का दौरा किया। यह लड़ाकू विमान एलसीए मार्क-1 का उन्नत संस्करण है, जिसमें कई उन्नत विशेषताएं हैं। एलसीए बहु-भूमिका वाला विमान है, जो आसानी से आक्रामक हवाई सहायता, नजदीकी युद्ध और जमीनी हमले की भूमिका निभाने में सक्षम है। तेजस मार्क-1ए आने वाले दशकों तक भारतीय वायुसेना की रीढ़ की हड्डी के रूप में काम करेगा। रक्षा मंत्री सिंह ने मीडिया

**खाका खींचा**

**कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देने के साथ ही रक्षा क्षेत्र में विकसित हो रहे भारत का खाका खींचा**

को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपने मिसाइल विकास कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।
अग्नि मिसाइल, अस्त्र मिसाइल प्रणाली और पिनाका मिसाइल प्रणाली के उन्नत संस्करणों से लेकर अत्याधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली और आकाश वायु रक्षा प्रणाली तक हमने सफलता की अनेक कहानियां गढ़ी हैं। इन उपलब्धियों ने भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने, भारत को और अधिक आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि रक्षा विनिर्माण में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को पार कर गया है। 2025-26 के अंत तक हमें उम्मीद है कि यह आंकड़ा 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। इसके अलावा रक्षा निर्यात भी 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को पार कर गया है और 2025-26 के अंत तक हमें उम्मीद है कि यह आंकड़ा 30 हजार करोड़ रुपये को पार कर जाएगा।

# वीरेंद्र ने भाजपा सांसदों और नव निर्वाचित विधायकों के साथ मिलने के लिए एलजी से मांगा समय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर पार्टी के दिल्ली के सांसदों और नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के लिए समय मांगा है। सचदेवा ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में दिल्ली में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने का जिक्र करते हुए कहा कि अब नए विधायक चुनकर आ गए हैं। मैं दिल्ली के भाजपा सांसदों और पार्टी के नवनिर्वाचित 48 विधायकों के साथ आपसे जल्द मुलाकात करना चाहता हूं। कृपया अपनी सुविधानुसार हमें जल्द से जल्द



मिलने का समय दें। इससे पहले, आज दोपहर में दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। उसके बाद भाजपा के कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने भी एलजी से मुलाकात की। इन विधायकों में नई दिल्ली सीट से जीते प्रवेश वर्मा, मंगोलपुरी सीट से जीते राजकुमार चौहान, कस्तूरबा नगर से जीते नीरज बसोया, मुंडका से जीते गजेंद्र दराल और गांधीनगर से जीते अरविंद सिंह लवली शामिल थे। बाद में विधायकों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया। विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद एलजी ने सातवीं विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया था। उधर, भाजपा में नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज शाम पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि इसमें चुनाव नतीजों पर चर्चा होगी।

# उमेश साहू ने भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को दी जीत की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला केशवपुरम भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य उमेश साहू ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को जीत की बधाई दी और कहा कि अब शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार बहेगी।
श्री साहू ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। भाजपा की नीतियों व कार्यों से इस बार दिल्ली की जनता काफी ज्यादा प्रभावित रही, तभी तो दिल्ली में इस बार भाजपा का परचम लहराया है और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है।



उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। जहां एक ओर शहरों में विकास हुआ है, वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास ही विकास हुआ है। मैं भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को विधायक बनने पर बधाई देता हूं।

# पूनम भारद्वाज की जीत पर भाजपा नेताओं ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में निकाली धन्यवाद यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर जेजे कॉलोनी में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद रैली का आयोजन किया। इस मौके पर जिला केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर ने कहा कि यह जनता की जीत है, मैं सभी को इसके लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है, मैं आप सभी से वादा करता हूं कि विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज क्षेत्र का विकास करके



दिखायेगी और जो वादे आप सभी से किए गए हैं वह सभी वादे पूरे किए जाएंगे। भाजपा नेता श्याम सुंदर ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही जनहित में कार्य करती है। आज जहां भाजपा के राज में एक तरफ शहरों में विकास देखने को मिल रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास ही विकास करके दिखाया है जिससे देश के लोग काफी ज्यादा खुश हैं। श्याम सुन्दर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि आज दिल्ली में भाजपा का परचम लहराया है।
इस मौके पर भाजपा नेता अमन ढीका, भाजपा नेता अजय जिंगाला, संजय तिवारी सहित वजीरपुर जेजे कॉलोनी के कई भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



वेजीटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन आजादपुर मंडी के सचिव पुनीत कोहली आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई देते हुए।

# हरियाणा कांग्रेस ने निकाय चुनाव लड़ने वालों से मांगें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा कांग्रेस में प्रभारी व सह प्रभारी जहां अपने स्तर पर नियुक्तियां करके नए गुट पैदा करने में लगे हुए है, वहीं रविवार को प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने निकाय चुनाव लड़ने वाले कार्यकताओं से आवेदन मांगें हैं। कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस नगर निगम (पार्षद और मेयर) व नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने जा रही है। इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टी कार्यकर्ता 11 फरवरी तक अपना आवेदन फार्म जमा करवा सकते हैं। कोई कांग्रेसजन नगर



परिषद के वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ना चाहता है तो वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर गठित जिले की समिति से संपर्क कर सकता है। ताकि उसके पार्टी चुनाव चिन्ह पर लडने या ना लड़ने पर विचार किया जा सके।
उदयभान ने साफ किया कि नगर पालिका का कोई भी चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ा जाएगा, क्योंकि यह भाईचारे का चुनाव होता है।
चौधरी उदयभान ने बताया कि आवेदक प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित की गई स्थानीय निकाय चुनाव जिला समिति के इंचार्ज अथवा संयोजक को 11 फरवरी की शाम तक अपना-अपना आवेदन पत्र अवश्य जमा करवा दें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने बैठक कर बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग उठाने का फैसला लिया है। इसके संबंध में सोमवार को पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मुलाकात कर आग्रह करेगा।

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, कई चारियों का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:**द्वारका इलाके में पिछले लगातार दो माह से चोरी से लोग परेशान हैं। अब कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से चोरी की 14 वारदातें सुलझाने का दावा किया जा रहा है। पकड़े गए आरोपित की पहचान दीपक कुमार (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर लाखों के सोने के जेवरात, पांच एलईडी टीवी, तीन मोबाइल फोन, लैपटॉप, सिक्के एलपीजी सिलिंडर और मंदिर की घंटी समेत खासा सामान बरामद किया है। आरोपित नशे का आदि है और नशे की लत पूरी करने के लिए वह लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।
द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को राम शगुन पासवान नामक व्यक्ति ने अपने घर में ओम विहार फेस-2 में 27 जनवरी को दोपहर दो से चार बजे चोरी की शिकायत उत्तम नगर थाने में की थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से एक आरोपित को दोपहर में एलईडी टीवी ले जाते दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस नेआरोपित की पहचान कर उसे दबोच लिया गया।

# महिला के साथ मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया केस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सोशल मीडिया पर रविवार को दो महिलाओं के साथ मारपीट के वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह वीडियो 2 फरवरी को अमर कॉलोनी थाना इलाके में हुई वारदात का बताया जा रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग दो महिलाओं को जमीन पर गिराकर मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। महिलाओं के साथ हो रही मारपीट को देखकर कुछ लोग उन्हें बचाने के लिए पहुंचे तो आरोपित मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली




है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो अमर कॉलोनी इलाके का है। झगड़ा दो परिवार के बीच में हुआ है। पुलिस ने 2 फरवरी को ही पीड़ित महिला के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस की तीन टीमें आरोपितों की तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो में दो युवकों ने पहले बेटी के साथ मारपीट शुरू की। जब उसे बचाने के लिए मां आई तो युवकों ने मां के साथ भी मारपीट की। महिला लोगों से बचाने की गुहार लगाती दिखी, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की। भीड़ में कुछ लोगों ने झगड़े का वीडियो बनाया और पुलिस को झगड़े की सूचना दी। पुलिस को फोन करने पर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

# विदेशी निवेश को बढ़ाने पर सरकार का फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सरकार देश में ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को और आसान बनाने पर विचार कर रही है। इसके अलावा सरकार कई क्षेत्र में नियमों में ढील देने पर भी विचार कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में बताया कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस विषय पर कई सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संगठनों, कानूनी कंपनियों, पेंशन फंड्स, प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेशकों के साथ चर्चा की है। जानकारी के मुताबिक इस मसले




पर सभी हितधारकों से विचार-विमर्श पूरा कर लिया गया है। सभी से अलग-अलग मुद्दों पर सुझाव मिले हैं। फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन प्रक्रियागत नियमों को सरल बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि किन क्षेत्रों में नियमों में ढील दी जा सकती है। विचार-विर्मश में जिन मुद्दों को उठाया गया, उनमें ई-कॉमर्स खिलाड़ियों को केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन व्यापार के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई प्राप्त करने की अनुमति देना है। इसके अलावा लाभकारी स्वामित्व को परिभाषित करके प्रेस नोट 3 को आसान बनाना और एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए नीति में कुछ बदलाव शामिल था। इस प्रेस नोट के तहत किसी भी क्षेत्र में भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के निवेशकों के लिए सरकारी अनुमोदन अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2000-सितंबर 2024 की अवधि में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर को पार कर गया है। इन प्रवाहों में अधिकतम आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, ऑटोमोबाइल, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं।

# ग्रेटर बहादुरगढ़ के रूप में नजर आएगा बहादुरगढ़ :राजेश जून

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर:।** बहादुरगढ़ के भाजपा सरकार समर्थक निर्दलीय विधायक राजेश जून ने कहां कि राज्य की सरकार बहादुरगढ़ के विकास के लिए विशेष ध्यान दे रही है और विकास के मामले में पिछड़ा हुआ बहादुरगढ़ शहर पांच साल में ग्रेटर बहादुरगढ़ के रूप में नजर आएगा। विधायक रविवार को बहादुरगढ़ शहर के वार्ड 26 में 4 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित स्थानीय निवासियों को संबोधित कर रहे थे।गालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक राजेश जून का वार्ड वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा देवनगर कॉलोनी की चार गालियां बनवाने



का कार्य शुरू करने पर विधायक राजेश जून का आभार भी जताया । विधायक राजेश जून ने कॉलोनी वासियों के साथ नारियल फोड़कर वार्ड 26 के देवनगर में चार गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक राजेश जून ने अधिकारियों से कहा की गलियों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता व टेंडर के तय मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाए ताकि इन चार गलियों से लोगों को आवागमन की लंबे समय तक सुविधा मिलती रहे। इस अवसर पर वार्ड वासियों से बातचीत करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बहादुरगढ़ हलका विकास की बाट जोह रहा था। मगर जब से हलके की जनता ने अपने बेटे अपने भाई राजेश जून को विधायक बनाया है तब से रोजाना कहीं ना कहीं सड़क,गली के निर्माण कार्य या मूलभूत सुविधाओं का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया जा रहा है। विधायक राजेश जून ने कहा कि चुनाव के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी समस्याएं हमने नोट की थी और अब एक-एक करके उन सभी समस्याओं का धरातल पर समाधान करने का सेवा कार्य किया जा रहा है। इस अवसर युवराज छिल्लर, ढीलू माजरा, काला नयागाँव, राकेश नया गाँव, राकेश छिल्लर के अलावा वार्ड 26 के अशोक यादव, दलबीर दलाल, महावीर दलाल, सतबीर कादयान, मनीष सांगवान मौजूद रहे।

# उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेल से रचा इतिहास, ग्रीन गेम्स के जरिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में 28 जनवरी को शुरू हुए 38वें राष्ट्रीय खेल के भव्य उद्घाटन के बाद अब खेल अपने पूरे जोश पर हैं। बीते दिनों में पूरे प्रदेश में विभिन्न खेलों का रोमांच देखने को मिला, जहां एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उत्तराखंड ने खेलों के आयोजन में एक मिसाल कायम की। यह पहली बार है जब उत्तराखंड को इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला और राज्य ने इसे ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 28 जनवरी को हुए उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और उत्तराखंड को ग्रीन गेम्स थीम के तहत खेलों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से आयोजित करने के लिए सराहा।
खेलों का रोमांच पूरे राज्य में फैलाराष्ट्रीय खेल के तहत मुकाबले केवल देहरादून तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ सहित 11 शहरों और 8 जिलों में आयोजित किए गए हैं। 10,000 से अधिक एथलीट, 35 विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं, जिससे पूरे उत्तराखंड में खेलों का उत्साह बन रखा है। उत्तराखंड के लोगों ने इन खेलों



को सिर्फ एक प्रतियोगिता के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे अपने प्रदेश की पहचान और विकास से जोड़ा है। खेल स्थलों पर दर्शक भारी भीड़ में आ रहे हैं। 'ग्रीन गेम्स' ने पेश की नई मिसालउत्तराखंड ने इस आयोजन को केवल खेलों तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल डेवलपमेंट से भी जोड़ा है। इस बार के राष्ट्रीय खेल को ह्यग्रीन गेम्सह्ल थीम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण के अनुकूल खेल स्थलों का निर्माण किया गया। खेल परिसरों को ऊर्जा-कुशल तकनीकों से लैस किया गया, जिसमें सौर ऊर्जा का उपयोग प्रमुख रहा है। प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम किया गया और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। खेल स्थलों को स्थानीय परिदृश्य के अनुरूप डिजाइन किया गया, ताकि उत्तराखंड की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखा जा सके। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मिला बढ़ावाखेल आयोजन से न केवल खेलों को बढ़ावा मिला, बल्कि उत्तराखंड की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। खेल स्थलों के निर्माण और प्रबंधन में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी गई, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए। पर्यटन को भी बढ़ावा मिला, क्योंकि खेलों को देखने के लिए देशभर से लोग उत्तराखंड पहुंचे। राज्य सरकार का मानना है कि इन खेलों से तैयार किया गया बुनियादी ढांचा भविष्य में भी उपयोगी साबित होगा। देहरादून, हल्द्वानी और अन्य शहरों में बने खेल परिसर आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकते हैं। उत्तराखंड को मिली राष्ट्रीय पहचान38वें राष्ट्रीय खेल ने उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल आयोजक राज्यों में शामिल कर दिया है। राज्य ने न केवल भव्य आयोजन किया है, बल्कि ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए नई राह भी दिखाई। इस आयोजन के बाद उत्तराखंड अब भविष्य में और भी बड़े खेल आयोजनों की दावेदारी पेश कर सकता है।



सोनीपत से एक्शन इंडिया के ब्यूरो चीफ संजीव कौशिक और बिमला कौशिक को शादी की 25वीं सालगिरह की एक्शन इंडिया के परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## टाइगर डिवीजन के सैनिक ने राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक



**एजेंसी**
**जम्मू।** राइजिंग स्टार कोर के तहत जम्मू स्थित टाइगर डिवीजन के सेना के जवान ने उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। राइजिंग स्टार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया,अनुशासन, सटीकता और दृढ़ता का एक शानदार प्रदर्शन! पोस्ट में यह भी कहा गया, राइजिंग स्टार कोर ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों 2025 में रिकर्व पुरुष व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए टाइगर डिवीजन के हवलदार सुखचैन सिंह को बधाई दी।

## गजा की गेंदबाजी से सौराष्ट्र 216 पर ढेर

**राजकोट।** चिंतन गजा (48 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन यहां सौराष्ट्र की पहली पारी को 216 रन पर समेट दिया। दिन का खेल खत्म होने तक गुजरात ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिये थे। प्रियांक पंचाल 11 और आर्या देसाई दस रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी (69) और चेतेश्वर पुजारा (26) ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी निभायी मगर सिद्धार्थ देसाई (35 रन पर दो विकेट) ने पुजारा को चलता कर सौराष्ट्र को करारा झटका दिया जिसके बाद उनके बल्लेबाजों क्रीज पर पैर जमाने में असफल रहे और पवेलियन लौटने की जल्दी में दिखायी दिये। जानी ने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का जड़ा। अर्पित वसावड़ा (39 नाबाद) ने एक छोर संभाले रखा मगर दूसरे छोर पर बल्लेबाजों ने उनका साथ नहीं दिया।

## नायर के शतक से विदर्भ के छह विकेट पर 264

**नागपुर।** करुण नायर (100 नाबाद) और दानिश मलेवर (75) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुरुआती झटकों के बावजूद विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन तमिलनाडु के खिलाफ छह विकेट पर 264 रन बना लिये। नायर का घरेलू सीजन यह छठा शतक है। तमिलनाडु ने विदर्भ को शुरुआती झटके दिए मगर दानिश मलेवर और नायर ने चौथे विकेट के लिये 98 महत्वपूर्ण रन जोड़ लिये। मलेवर विजय शंकर की गेंद पर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने से पहले नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया और पहले दिन के खेल की समाप्ति तक विदर्भ ने छह विकेट के नुक़सान पर 264 रन बना लिए हैं।

## मिस्बाह-उल-हक और इंजमाम-उल-हक को मिला हॉल ऑफ फेम सम्मान

**करांची।** पीसीबी ने पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला से पहले आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट में पूर्व कप्तानों इंजमाम-उल-हक और मिस्बाह-उल-हक के शानदार योगदान को देखते हुए उन्हें शनिवार को औपचारिक रूप से हॉल ऑफ फेम में शामिल किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने उन्हें स्मारक टोपी और



पट्टिकाएं प्रदान कीं। दोनों दिग्गज कैप पहनकर स्टेडियम में घूमे और भीड़ से जोरदार तालियां बटोरीं। इंजमाम और मिस्बाह को सईद अनवर और मुश्ताक के साथ 2024 के पीसीबी हॉल ऑफ फेम वर्ग में नामित किया गया था। हॉल ऑफ फेम में पहले से इमरान खान, वसीम अकरम, वकार यूनिस और जावेद मियांदाद जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम हैं। इंजमाम 11,701 रन के साथ पाकिस्तान के सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले और टेस्ट में 8,829 रन के साथ तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। वहीं, 2016 में पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में नंबर 1 रैंकिंग तक पहुंचाने वाले मिस्बाह ने भी पाकिस्तान के महानतम क्रिकेटरों में शामिल होने को गर्व का क्षण बताया।

# जिल टेचमैन से हार कर माया का मुंबई ओपन में खिताब का सपना टूटा

**एजेंसी**
**मुंबई।** भारत की माया राजेश्वरन एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 के सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड की जिल टेचमैन से सीधे सेटों में 3-6,1-6 से हार गईं। माया ने टूर्नामेंट की शुरुआत वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में की थी और सेमीफाइनल तक पहुंचीं। यह उनका पहला सीनियर टूर्नामेंट था। भारत की प्रार्थना थम्बोर डच पार्टनर एरियन हार्टोनो के साथ हालांकि युगल फाइनल में खेलेंगी।

जिल ने पहले चार गेम जीतकर पहले सेट की शुरुआत में ही लय बना ली। माया ने अगले दो गेम जीतकर अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने की कोशिश की लेकिन अनुभवी स्विस खिलाड़ी ने अच्छी वापसी की और पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।जिल ने दूसरे सेट में अपनी लय बनाए रखी और पहले चार गेम जीते, लेकिन माया के अथक प्रयासों ने उन्हें पांचवां गेम जीतने में मदद की। युवा भारतीय खिलाड़ी जिल के लगातार मजबूत

MUMBAI OPEN WTA 125

रिटर्न के सामने टिक नहीं पाई और 6-1 के स्कोर के साथ दूसरा सेट और फाइनल में सीट जीत ली। अन्य एकल सेमीफाइनल में, थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त मननचाया सवांगकेव ने कनाडा की दूसरी वरीयता प्राप्त रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। सवांगकेव ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनके उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वी के लिए मैच में कोई पैर जमाने का मौका नहीं बचा। पहले सेट में सवांगकेव ने शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया और क्लिनिकल रिटर्न के साथ मैरिनो की सर्विस दो बार तोड़ी। उनके आक्रामक दृष्टिकोण और शक्तिशाली सर्विस के कारण तीन ऐस मिले, जिससे कनाडाई खिलाड़ी लगातार दबाव में रही। मैरिनो लय हासिल करने में संघर्ष करती रहीं, अक्सर अनफोर्स्ड एरर करती रहीं, जबकि सवांगकेव बेसलाइन से खेल की गति तय करती रहीं।

पहले सेट में मिली जीत की लय को बरकरार रखते हुए, सवांगकेव ने दूसरे सेट में भी वही जोश बनाए रखा। उन्होंने मैरिनो पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस दौरान वह कोर्ट में तेज़ी से आगे बढ़ीं और मैरिनो की रक्षात्मक चूक का फ़ायदा उठाया। सवांगकेव के आक्रामक रिटर्न और सटीक ग्राउंडस्ट्रोक ने दो और सर्विस ब्रेक का रास्ता तैयार किया। उनके संयमित व्यवहार और रणनीतिक शॉट प्लेसमेंट ने मैरिनो को कोई वापसी करने से रोक दिया।

## मुकुंद, रामकुमार और करण बनेंगे दिल्ली ओपन की शान




**एजेंसी**
**नयी दिल्ली।** डेविस कप खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और करण सिंह को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट दिल्ली ओपन के पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गयी है। इसके अलावा डेविस कप प्रशिक्षण शिविर का भाग ले चुके चिराग दुहान और आर्यन शाह को आदित्य गोविला और सिद्धार्थ रावत के साथ क्वालीफाइंग स्पर्धा के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर रह चुके लॉयड हैरिस और 2019 जूनियर विंबलडन चैंपियन शिंटारो मोचीजुकी एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में शीर्ष आठ वरीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो 10 से 16 फरवरी तक डीएलटीए परिसर में होने वाले पांचवें चरण में खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के हैरिस एकल मुख्य ड्रॉ में चौथे स्थान पर होंगे। जापान के उभरते हुए 21 वर्षीय मोचीजुकी को छठी वरीयता दी गई है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना एक चुनौती : शरीफ

**एजेंसी**
**लाहौर।** चैंपियंस ट्राफी का खुमार पाकिस्तान में चरम पर है और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी 19 फरवरी से शुरु होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ से अछूते नहीं है। शरीफ ने रात लाहौर में नये सिरे से तैयार गद्दाफी स्टेडियम के उदघाटन के अवसर पर कहा कि भारत को हराना आसान नहीं होगा और पड़ोसी देश को क्रिकेट के मैदान पर शिकस्त देने के लिये पाकिस्तान की टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान की भारत से भिड़ंत 23 फरवरी को दुबई में होगी।

शरीफ ने कहा, हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी



भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है। पाकिस्तान आज त्रिकोणीय श्रृखंला में न्यूजीलैंड का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने भारत को आखिरी बार 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हराया था। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन के रूप में भाग लेगा। उसने इससे पहले 2017 में इंग्लैंड में आयोजित किए गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। शरीफ ने कहा, ÷यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा अवसर है क्योंकि हम लगभग 29 साल के बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम चैंपियंस ट्रॉफी में भी देश का सिर ऊंचा करेगी। गद्दाफी स्टेडियम का नवीनीकरण का कार्य 117 दिन में पूरा किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध गायक अली जफर, आरिफ लोहार और आइमा बेग ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।

# दिल्ली ने बनाया लीजेंड 90 लीग का सबसे बड़ा स्कोर

**एजेंसी**
**रायपुर ।** लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रायल्स ने लीग का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 195 रन बनाए, हालांकि राजस्थान की टीम ने इस लक्ष्य को भेदने की बहुत कोशिश की, लेकिन दिल्ली की गेंदबाजी के आगे उनकी एक न चली और टीम 41 रन से इस मैच को हार गई।

शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में सुबह 12 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स आज शुरुआत से ही अलग अंदाज में नजर आई। दिल्ली के कप्तान शिखर धवन भी आज लय पकड़ते नजर आए, हालांकि उनकी पारी बहुत लंबी तो नहीं रही, लेकिन 5 चौकों के साथ 26 रन बनाकर उन्होंने टीम को एक सशक्त शुरुआत दी, लेकिन आज दिन था उनका साथ निभाने आए सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स का। सिमन्स ने 39 गेंदों पर 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर राजस्थानी गेंदबाजी की कमर तोड़ के रख दी। जिसके बाद आए एंजेलो परेरा ने 24 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 54 रन बनाकर टीम को 195 रनों के विशालकाय स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान किंग्स के सलामी बल्लेबाज फिल मस्टर्ड को परविंदर अवाना ने पहले ही ओवर चलता कर दिया, जिसके बाद गौरव तोमर (34), राजेश विश्नोई (31),



रजत सिंह (48) और मनप्रीत गोनी (27) ने प्रयास तो किया, लेकिन उतना काफी नहीं था और टीम 41 रन से पीछे रह गई। शानदार बल्लेबाजी के लिए लेंडल सिमंस को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

# दिमुथ करुणारत्ने को आखिरी टेस्ट पारी पर ऑस्ट्रेलियाई प्लेयरों से मिली विदाई

**एजेंसी**
**कोलंबो।** श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी आखिरी टेस्ट पारी खेलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्लेयरों से शानदार विदाई मिली। प्लेयरों ने उनके लिए तालियां बजाईं। यह दिमुथ का 100वां टेस्ट था। वह दूसरी पारी में सिर्फ 14 रन बना पाए और मैथ्यू कुह्नमैन की गेंद पर विकेट के पीछे विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच दे बैठे। वह जब पवेलियन लौट रहे थे तो नाथन लियोन और स्टीव स्मिथ ने उनसे हाथ मिलाया। वहीं, श्रीलंकाई साथी दिनेश चंडीमल ने उन्हें गले लगाया। श्रीलंकाई बल्लेबाज ने 100 टेस्ट मैचों में 39.25 की औसत से 16 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 7222 रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 244 रन था।

करुणारत्ने मौजूदा मुख्य कोच सनथ जयसूर्या (110), मुथैया मुरलीधरन (132), चामिंडा वास



(111), कुमार संगकारा (134), महेला जयवर्धने (149) और एंजेलो मैथ्यूज (117) के बाद 100 टेस्ट के आंकड़े तक पहुंचने वाले सातवें श्रीलंकाई क्रिकेटर बन गए। करुणारत्ने के 16 टेस्ट शतक श्रीलंका के साथ मार्वन अटापट्टू, तिलकरत्ने दिलशान, दिनेश चंडीमल और मैथ्यूज के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। केवल संगकारा (38), जयवर्धने (34) और अर्जुन रणतुंगा (20) ने ही इस प्रारूप में अधिक शतक लगाए हैं। करुणारत्ने ने सलामी बल्लेबाज के रूप में 7,079 रन बनाए, जो इस पोजीशन पर किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज के लिए सबसे अधिक है। एशियाई खिलाड़ियों में केवल सुनील गावस्कर (9,607 रन) और वीरेंद्र सहवाग (8,124 रन) के नाम सलामी बल्लेबाज के रूप में अधिक टेस्ट रन हैं। उन्होंने टेस्ट ओपनर के रूप में 16 शतक लगाए और इस तरह ओपनिंग पर सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में मार्वन अटापट्टू की बराबरी कर ली। करुणारत्ने ने टेस्ट कप्तान के रूप में 8 शतक बनाए, जो महेला जयवर्धने के 14 के बाद श्रीलंका के लिए दूसरा सबसे बड़ा शतक है।

मैच की बात करें तो दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका ने दूसरी पारी में 211 रन तक 8 विकेट विकेट गंवा लिए हैं। उनके पास 54 रन की मामूली बढ़त है। अब ऑस्ट्रेलिया चौथे दिन सुबह श्रीलंका की दूसरी पारी को जल्दी समेटकर श्रृंखला 2-0 से जीतने के लिए लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे। श्रीलंका पहली पारी में 257 रन ही बना पाई थी। अब दूसरी पारी में श्रीलंका ने एक समय जब 81 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे तो एंजेलो मैथ्यूज ने 76 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़या। कुसल मेंडिस फिलहाल 48 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

# राशिद खान की नजर 1,000 टी20 विकेट पर, बोले- 4 अंक देखना अच्छा लगेगा

**एजेंसी**
**जोहान्सबग।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान जो वर्तमान में एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, ने कहा कि टी20 में अग्रणी विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने से उन्हें बहुत संतुष्टि मिली है और उनका लक्ष्य इस प्रारूप में 1,000 विकेट का आंकड़ा छूना है। राशिद एमआई केप टाउन और 2 बार के चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप (एसईसी) के बीच एसए20 फाइनल से पहले बोल रहे थे। मौजूदा लीग के दौरान, उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो को पछाड़कर 633 विकेट के साथ खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि एमआई केपटाउन के क्वालीफायर वन मैच के दौरान गकरबेहा में पार्ल रॉयल्स के खिलाफ हासिल की। राशिद ने कहा कि टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने से उन्हें अविश्वसनीय संतुष्टि मिलती है। खासतौर पर जब मैं अपने करियर को देखता हूं तो यह उतना लंबा नहीं है, जहां मुझे ऐसा लगता है, मान लीजिए कि मैंने 15-20 साल खेला और यह रिकॉर्ड टूट गया है और यह अब मेरे नाम पर है। अभी तो नौ साल ही हुए हैं. और डीजे ब्रावो ने यह रिकॉर्ड कितने समय (आठ वर्षों) तक कायम रखा। लेकिन यह मेरे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि अगर मैं 2014-15 में पीछे मुड़कर देखूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दुनिया भर में टी20 अंतरराष्टीय और (फ्रेंचाइजी) लीग खेलूंगा।

# ग्लेन फिलिप्स ने धोए पाक गेंदबाज, अफरीदी को 1 ओवर में ठोके 25 रन

**एजेंसी**
**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले ट्राई सीरीज के ओपनिंग मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब शुरूआत की है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पहले ही मुकाबले में न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स के शतक की बदौलत 6 विकेट पर 330 रन बना दिए। डिरेल मिचेल (81) का विकेट गिरने तक न्यूजीलैंड ने 38 ओवर में 200 रन ही बनाए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स का जादू चला। उन्होंने 74 गेंदों पर 6 चौके और 7 छक्कों की मदद से 106 रन बनाए। फिलिप्स ने आखिरी ओवर फेंकने आए शाहीन अफरीदी के एक ओवर में 25 रन भी खींचे। पाक गेंदबाज डैथ ओवर्स में बेहद खराब रहे। उन्होंने आखिरी 9 ओवर में 122 रन लुटा दिए। फिलिप्स इसी के साथ पाकिस्तान में नंबर 6 या निचले क्रम पर खेलकर शतक




लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 106 रन बनाए। इससे पहले साल 2019 में शेहान जयसूर्या ने यहां 96 रन बनाए थे जबकि साल 2000 में एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने 84 रन बनाए थे। इससे पहले फिलिप्स का पिछला उच्चतम स्कोर सितंबर 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ 72 रन था। फिलिप्स न्यूजीलैंड के मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। वह नंबर 6 या 7 पर आकर टीम स्कोर को बढ़ाने के लिए तेजी से रन बनाते हैं। डेथ ओवरों में तेजी लाने की उनकी क्षमता न्यूजीलैंड की वनडे रणनीति में एक महत्वपूर्ण कारक रही है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में फिलिप्स के न्यूजीलैंड के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। उनकी हालिया फॉर्म और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता शानदार है।

पाकिस्तान के खिलाफ उनके पहले वनडे शतक ने उनके आत्मविश्वास और टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड की संभावनाओं को बढ़ाया है। फिलिप्स अपने एथलेटिकिज्म और क्षेत्ररक्षण कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं। वह अक्सर पॉइंट या कवर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहते हैं। वनडे में उनका कैच प्रतिशत 48.4ब्र है। फिलिप्स को उनकी शानदार फील्डिंग प्रतिभा के लिए सुपरह्यूमन जैसे टाइटल भी मिले हैं।

## शाहनवाज खान, वैष्णवी और ऋषिता राय ने दिलाए उत्तर प्रदेश को स्वर्ण

**एजेंसी**
**लखनऊ।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश को एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक शाहनवाज खान ने दिलाया। इससे पहले,हुई प्रतियोगिताओं में ताइक्वांडो में वैष्णवी और ऋषिता राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस जीत से प्रदेश के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खेल निदेशक आर.पी. सिंह ने प्रदेश के खिलाड़ियों को बधाई दी।उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को उत्तर प्रदेश ने 3 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीते। अब तक उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में 10 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कांस्य सहित कुल 28 पदक अपने नाम किए हैं।

# पैट कमिंस दूसरी बार बने पिता, पत्नी बेकी ने दिया बेटी को जन्म

**एजेंसी**
**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और पत्नी बेकी के घर दूसरे बच्चे के आगमन हो गया है। पैट और बेकी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी बेटी एडी की पहली झलक दुनिया के सामने पेश की। बेकी और पैट ने अपने संयुक्त पोस्ट में कहा- वह यहां है। हमारी खूबसूरत बच्ची, एडी शब्दों से बयान नहीं कर सकती कि हम इस वक्त कितना खुश और प्यार से भरा हुआ महसूस कर रहे हैं।

इस बीच, एडी के जन्म के कारण कमिंस ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे से चूक गए। बताया जा रहा है कि कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से चूक जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालात धीरे-धीरे खराब होते जा रहे हैं क्योंकि मिशेल मार्श की चोट और मार्कस स्टोइनिस के सदमे से संन्यास लेने के बाद, उनके तेज गेंदबाजी विकल्प कम हो गए हैं और कमिंस और हेजलवुड क्रमशः टखने और कूल्हे की समस्या के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

अब, ऑस्ट्रेलिया को टीम में संतुलन और अनुभव की कमी को पूरा करने के लिए कम से कम दो ऑल-राउंड प्रतिभाओं के साथ चार प्रतिस्थापनों की आवश्यकता है। अंतिम टीम की घोषणा श्रीलंका के खिलाफ गॉल में चल रहे दूसरे टेस्ट के बाद की जाएगी। मार्श ने पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वह फिलहाल रिहैब से गुजर रहे हैं। कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टखने की समस्या से जूझ रहे हैं, जहां उन्होंने 25 विकेट लेने के लिए 167 ओवर फेंके, जो किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक है। हेजलवुड की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी उनकी भागीदारी संदेह के घेरे में है। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेलना है। पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# सूर्यकुमार यादव फिर फ्लॉप, इन बल्लेबाजों ने बचाई मुंबई की लाज

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव रणजी ट्रॉफी में भी अपनी खोई हुई फॉर्म ढूंढते नजर आए। हरियाणा के खिलाफ मुकाबले में वह मात्र 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हालांकि मुंबई की टीम शम्स मुलानी और तनुश कोटियन के अर्धशतकों की बदौलत पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मजबूत स्थिति में पहुंच गई। मुंबई की शुरुआत खराब रही थी। उसे शुरुआत में हरियाणा के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने संघर्ष करना पड़ा। पहले सत्र तक मुंबई 13.2 ओवर में 25/4 पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे, सूर्यकुमार यादव और अन्य सहित शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए। इस दौरान हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शानदार गेंदबाजी की। लंच के समय मुंबई का स्कोर 53/4 था, अजिंक्य रहाणे और सिद्धेश लाड क्रीज पर थे। लंच के बाद मुंबई ने लगातार विकेट गंवाई। रहाणे 31 रन बनाकर आऊट हो गए। इसी बीच शम्स मुलानी और तनुश कोटियन के बीच अहम साझेदारी ने मुंबई को नाजुक स्थिति से बचाया। दोनों ने महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मुंबई को चाय तक 151/7 तक पहुंचाया। मुलानी ने अंत तक 91



रन तो कोटियन ने 85 रन बनाए। उनकी साझेदारी के कारण पहले दिन स्टंप्स तक मुंबई का कुल स्कोर 278/8 हो गया। हरियाणा के लिए प्रमुख गेंदबाजी प्रदर्शन में अंशुल कंबोज (3/48) और निशांत सिंधु शामिल रहे, जिन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। बता दें कि यह मैच मूल रूप से लाहली, रोहतक में चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन अंतिम समय में इसे कोलकाता के ईडन गार्डन में स्थानांतरित कर दिया गया। यह बदलाव ÷अपरिहार्य परिस्थितियों÷ के कारण हुआ, जिसमें संभावित कारणों के रूप में कोहरे और खराब मौसम का अनुमान लगाया गया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

हरियाणा : लक्ष्य दलाल, यश वर्धन दलाल, अंकित कुमार (कप्तान), हिमांशु राणा, निशांत सिंधु, रोहित प्रमोद शर्मा (विकेटकीपर), जयंत यादव, सुमित कुमार, अंशुल कंबोज, अनुज ठकराल, अजीत चहल

मुंबई : आयुष म्हात्रे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), सिद्धेश लाड, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, शम्स मुलानी, शार्दुल ठाकुर, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# महाकुम्भ: आस्था की डुबकी लगाएंगी देश की प्रथम नागरिक

**प्रयागराज में सोमवार को आठ घंटे से अधिक रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, त्रिवेणी संगम में राष्ट्रपति करेंगी पावन स्नान, अक्षयवट का दर्शन-पूजन कर सनातन आस्था को देंगी मजबूत आधार**

**दर्शन-पूजन**

**▸▸ वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर। प्रयागराज** की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।




**संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी**
राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

**देशवासियों के सुख-समृद्धि की करेंगी कामना**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है।

## छवि धूमिल करने के मामले में 14 एक्स अकाउंट के खिलाफ मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ पुलिस की छवि धूमिल करने पर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने के आरोप में रविवार को 14 एक्स सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमों की पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। एसएसपी (महाकुम्भ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से सम्बन्धित भ्रामक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ जांच का आदेश डीजीपी की ओर से दिया गया। इसी क्रम में सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की गई। इस दौरान जानकारी हुई कि धनबाद, झारखण्ड के एक एक्स मीडिया अकाउंट पर पड़े वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुम्भ प्रयागराज का बताया जा रहा है। उस पर अफवाह फैलाई जा रही है कि महाकुम्भ में अपने गुमशुदा परिजन की तलाश करने वाले श्रद्धालुओं की योगी की पुलिस द्वारा खूब पिटाई की जा रही है। इस वीडियो की तत्थ्यात्मक और सत्यता की जांच करने के बाद यह पता चला कि यह धनबाद, झारखण्ड में वहाँ की पुलिस द्वारा एक जनवरी 2025 को किये गए लाठीचार्ज की घटना से सम्बन्धित है। उन्होंने बताया कि जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस की छवि धूमिल करने के साथ ही आम जनमानस के मन में सरकार के प्रति विद्वेष फैलाने का प्रयास करने वाले ऐसे 14 एक्स ट्विटर अकाउंट को पुलिस ने चिह्नित किया।

**फास्ट न्यूज**

## नाबालिग की हत्या मामले में टोटो चालक गिरफ्तार

**कोलकाता। कोल**काता के पास गौरांगनगर में हुए एक नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में पुलिस ने एक टोटो चालक को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को नाबालिग अपनी मां और बहन से झगड़ा होने के बाद अपने घर से निकल गई थी। इसके बाद नाबालिग के घर से तकरीबन छह किलोमीटर दूर गौरांगनगर इलाके के एक प्रीमियम हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पास नहर के पास एक झाड़ी में नाबालिग का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने टोटो चालक सौमित्र रॉय (22) को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज में दिखा है कि लड़की टोटो चालक के पास गई, जिसने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और उसका गला घोंट दिया। लड़की का शव पश्चिम बंगाल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन के स्वामित्व वाले 1.7 एकड़ के भूखंड पर कई चोटों और खरोंचों के निशान के साथ मिला था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और पुलिस आगे की जांच के लिए उसकी हिरासत का अनुरोध करने की योजना बना रही है।

## टोल फ्री कराने की माँग को लेकर किया प्रदर्शन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा के झरोठी टोल पर रविवार दोपहर मंडोरा व मंडोरी गांव के ग्रामीणों ने टोल फ्री कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि टोल के आसपास के कई गांवों को छूट मिली हुई है, लेकिन मंडोरा व मंडोरी के लोगों को छूट नहीं दी जा रही, जबकि उनका खरखौदा तहसील व कोर्ट में लगातार आना-जाना होता है। इसके बाद ग्रामीण एकत्रित होकर झरोठी टोल पर पहुंचे और टोल मैनेजर मुकेश चौहान से उनके गांवों के वाहनों के भी टोल फ्री करने की मांग की। मैनेजर ने इस दौरान ग्रामीणों का कहा कि टोल फ्री करने या न करने का अधिकार केवल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी के पास है, वह इसके लिए उनके पास जा सकते हैं। ग्रामीण मंथली पास बनवाना चाहते हैं तो बनवा ले, जिसकी फीस 340 रुपये है। लेकिन ग्रामीण इसके लिए तैयार नहीं हुए। इस दौरान विधायक पवन खरखौदा मौके पर पहुंचे और टोल मैनेजर से बात की। जिसके बाद टोल मैनेजर द्वारा दोनों गांव के नाम पर रजिस्टर्ड वाहनों की टोल पर से फ्री में आवाजाही कराने की बात का मान लिया।

## पिता ने जताई संगम स्नान की इच्छा तो कैलिफोर्निया से दौड़ी चली आईं बेटियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महा कुम्भ 2025 की दिव्यता और भव्यता शब्दों से परे है। इसकी आध्यात्मिक भव्यता से श्रद्धालु अभिभूत हैं। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज के संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं और सनातन संस्कृति के इस शाश्वत स्वरूप में स्वयं को समर्पित कर रहे हैं। इसमें कई भावनात्मक पहलू भी देखने को मिल रहे हैं। इसका एक नजारा तब देखने को मिला जब अपने पिता की संगम स्नान की इच्छा को पूरा करने के लिए बेटियों ने अब्रॉड से इंडिया और फिर प्रयागराज तक का सफर किया।

**पूरी की पिता की इच्छा**
भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की पावन गोद में स्नान के लिए महाकुम्भ की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। संगम में स्नान कर श्रद्धालु स्वयं को धन्य मान रहे हैं और दिव्य अनुभूति से ओत-प्रोत हो रहे हैं। संगम स्नान करने आई एक श्रद्धालु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, "मैंने और मेरी बहन ने अपने 85 वर्षीय पिता से उनके जन्मदिन पर उनकी इच्छा पूछी। उन्होंने कहा कि मेरे पास सब कुछ है, पर यदि पूछ रहे हो तो कुम्भ मेले में गंगा स्नान करना चाहता हूं। उनकी इस पवित्र इच्छा को पूरा करने के लिए दोनों बहनें कैलिफोर्निया से प्रयागराज पहुंचीं। पिता को संगम स्नान कराने के लिए उन्होंने काफी लंबी दूरी तय की, लेकिन इसके बावजूद पिता की इच्छा पूरी करने की खुशी ने उनकी पूरा थकान उतार दी। इच्छा पूरी होने पर पिता की खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं रहा।

**भावनात्मक**

**▸▸ श्रद्धालुओं की भावनात्मक कहानियां कर रहीं भाव विभोर, बेटी ने शेयर की तस्वीर तो यूजर्स ने बढ़ाया हौसला**

**प्राउड फादर**
बेटियों के इस भक्ति भाव को देखकर लोग उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने लिखा, आपके पिता सच में भाग्यशाली हैं, जिनकी इतनी अद्भुत बेटियां हैं। आपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए आधी दुनिया का सफर तय कर लिया। सुरक्षित रहें, इस अद्भुत माहौल को आत्मसात करें और महाकुम्भ की दिव्यता आपको सही मार्ग दिखाए।

## महाग्राम योजना के लिए144 गांव चिन्हित : रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** राज्य सरकार द्वारा महाग्राम योजना के लिए प्रदेश के 144 गांव चिन्हित किये जा चुके हैं और इस पर काम भी चल रहा है। इन गांवों को महाग्राम योजना में शामिल करते हुए शहरों की तर्ज पर पेयजल और सीवरेज की सुविधा देने की दिशा में सरकार काम कर रही है। यह बात प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने रविवार को गांव आर्य नगर में आयोजित अभिनंदन समारोह में अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था, कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान वर्मा ने की। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी, उन्होंने इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओ के निदान का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत किया गया था। अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव आर्य नगर एरिया का उनके राजनीतिक जीवन में क्या महत्व रहा इस बारे भी बताया। गंगवा ने कहा कि आर्य नगर का सहयोग जिला परिषद के चुनाव लड़ने के दौर से उनके साथ रहा है।



**पेयजल**

**▸▸ शहरों की तर्ज पर पेयजल और सीवरेज की सुविधा देने की दिशा में सरकार काम कर रही है**

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्कूलों में होगा प्रसारण

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 10 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संचार माध्यमों पर किया जायेगा। कार्यक्रम का दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट , यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी प्रसारण होगा। कार्यकम का प्रसारण अन्य निजी चैनल भी करेंगे। मध्य प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री हर वर्ष से परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार, 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को ऑनलाइन देखे जाने के लिये यूट्यूब लिंक भी जारी की गई है। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा अभिभावक उक्त लिंक के माध्यम से सहभागिता कर सकेंगे।

**तैयारी**

**▸▸ मध्य प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा**

## उत्तरकाशी की महिलाएं बना रही पारंपरिक मिठाई अरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः** उत्तराखंड की पारंपरिक मिठाई अरसा न केवल रीति-रिवाजों का हिस्सा है, बल्कि अब यह स्वरोजगार का भी जरिया बन रही है। विवाह, पूजा और अन्य शुभ अवसरों पर बनाए जाने वाले अरसे को उत्तरकाशी जिले की महिलाओं ने अपनी आजीविका का साधन बना लिया है। इस पहल में स्थानीय व्यापारी अजय प्रकाश बड़ोला उनका सहयोग कर रहे हैं। उत्तरकाशी के सीमांत क्षेत्रों में अजय बड़ोला ने तीन साल पहले स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अरसा बनाने के लिए प्रेरित किया और उनकी बिक्री का जिम्मा लिया। इसके बाद महिलाएं घर पर ही अरसे तैयार कर उन्हें अजय प्रकाश तक पहुंचाने लगीं। अजय प्रकाश ने अपनी दुकान में अरसा काउंटर स्थापित किया, जहां से हर दिन इसकी बिक्री होती है। कालिका महिला स्वयं सहायता समूह और गायत्री महिला स्वयं सहायता समूह अब तक फरवरी महीने में 200 किलो तक अरसे बेच चुकी हैं। यह मिठाई 150 से 200 प्रति किलो के दाम पर बिक रही है, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ हो रहा है। समूह की अर्चना नेगी और गीता बहन जैसी महिलाएं घर के कामों के साथ-साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## कांग्रेस विधायक की चीनी मिलों में आयकर की कार्रवाई जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद। पंजाब के कपूर**थला से कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह से जुड़ी मुरादाबाद जिले की दो चीनी मिलों और डिस्टलरी फैक्टरी में रविवार को भी आयकर विभाग कार्रवाई जारी है। आयकर अधिकारी तीनों फैक्टरियों में दस्तावेजों को खंगाल रहे है। जांच अधिकारी कारोबार का मूल्यांकन कर रहे हैं। फैक्टरी के अधिकारियों व कर्मियों से दस्तावेजों को लेकर पूछताछ जारी हैं। आय-व्यय का ब्योरा इकट्ठा करने में अधिक समय लग रहा है। जांच टीमों ने मिल के अधिकारियों के मोबाइल बंद करा रखें है । जांच को लेकर आयकर विभाग के स्थानीय अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।



**जांच**

**▸▸ जांच को लेकर आयकर विभाग के स्थानीय अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है**




**ई-कॉमर्स** जनवरी 2025 को लॉन्च किए गए महज एक महीने में देशभर से 1,050 ऑनलाइन ऑर्डर मिले हैं

## हिमाचल के हिमईरा उत्पादों की देश भर में बढ़ी मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाच**ल प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए हिमईरा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की जनता में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बीते तीन जनवरी 2025 को लॉन्च किए गए महज एक महीने में देशभर से 1,050 ऑनलाइन ऑर्डर मिले हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में हिमाचली शिल्प और उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अब राज्य के 30,000 स्वयं सहायता समूहों (रलत्रक्ष) की महिलाएं सीधे राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि "यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है, बल्कि राज्य की पारंपरिक हस्तकला और जैविक उत्पादों को भी देशभर में पहचान दिला रही है। हिमईरा के उत्पादों को केंद्रीय मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों को उपहारस्वरूप भेंट किया जा रहा है, जिससे इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।"



**सशक्त**

**▸▸ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए हिमईरा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की जनता में प्रतिक्रिया मिल रही**

**गोबर से उत्पाद बनाकर जसविंद्र कौर बनीं आत्मनिर्भर**
एक सरकार प्रवक्ता ने बताया कि सोलन जिले की जसविंद्र कौर पहले मुश्किल से 1,000 रुपये महीना कमाती थीं। साईनाथ स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने गाय के गोबर से उत्पाद बनाने का काम शुरू किया और अब उनकी मासिक आय 20,000 रुपये पहुंच गई है।